उज्जैन
गुरुवार
04
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-211
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ 5 जुलाई को विवाह बंधन में बंध सकते हैं।

## बिहार के मुजफ्फरपुर में हॉस्पिटल में आग, 4 की मौत

### 20 से ज्यादा झुलसे, आईसीयू के खिड़की-दरवाजे तोड़कर मरीजों को बाहर निकाला

ब्रह्मास्त्र ›› मुजफ्फरपुर



बिहार के मुजफ्फरपुर में एक निजी अस्पताल के आईसीयू में आग लगने से 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 20 से ज्यादा लोग झुलस गए। हादसा बुधवार रात करीब 3 बजे हुआ। आग शॉर्ट सर्किट से लगी। इसके बाद आईसीयू में लगे एसी में ब्लास्ट हुआ। इसकी वजह से आग तेजी फैली।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड अस्पताल पहुंची और आग पर काबू पाया। लोगों ने मौके से स्टाफ के गायब होने का आरोप लगाया। परिजन अपने मरीजों को स्ट्रैचर से बाहर ले जाते दिखे। आईसीयू वार्ड 5वीं फ्लोर पर है, जिसकी वजह से बचाव कार्य दिक्कत आई।

दमकलकर्मियों ने आईसीयू और अस्पताल के दूसरे वार्डों में फंसे मरीजों को खिड़कियां और दरवाजे तोड़कर बाहर निकाला। तीन मृतकों की पहचान हो गई है, जिनमें उदय कुमार(57), शशांक कुमार(30) और गीता देवी शामिल हैं। एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। सीएम सम्राट चौधरी ने हादसे पर दुःख जताया है।

**93 साल की मरीज ने आग लगने की जानकारी दी-** चश्मदीदों का आरोप है कि, मौत का आंकड़ा छिपाने के लिए पुलिस घटनास्थल से जल्दबाजी में शवों को लेकर चली गई। लोगों का कहना है कि अगर आग लगने के बाद समय पर पानी की व्यवस्था की गई होती तो मृतकों की संख्या कम हो सकती थी। आईसीयू में एडमिट 93 साल की राधा देवी ने बताया, ह्यमैं कऊव में एडमिट थी। अचानक वार्ड में धुआं उठने लगा। मैंने तुरंत अपना ऑक्सीजन मास्क हटाया और वार्ड से बाहर आ गई। बाहर आकर गार्ड को जानकारी दी कि अंदर आग लगी है।

## दिल्ली आग हादसे में 21 की मौत, 11 विदेशी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



**होटल मालिक गिरफ्तार, परिवार के साथ फंसे सीए ने फोन पर कहा था- शायद नहीं बच पाएंगे**

दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लोरिश स्टे होटल में बुधवार सुबह लगी आग ने 21 लोगों की जान ले ली। इस होटल को 6 कमरों की मंजूरी थी, लेकिन 5 मंजिलों पर 25 से ज्यादा कमरे बना लिए। होटल के पास फायर एनओसी नहीं थी और आने-जाने का एक ही रास्ता था।

मृतकों में 11 विदेशी और 10 भारतीय हैं। विदेशियों में 9 अफ्रीकी देशों और 2 तुर्कमेनिस्तान के नागरिक हैं। शवों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट होगा। पुलिस ने होटल मालिक लवकेश बजाज को गिरफ्तार कर लिया है।

लवकेश और अन्य पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है। आग लगने की वजह का अब तक पता नहीं चला है। हादसे में जान गंवाने वाले गुरुग्राम के चार्टर्ड अकाउंटेंट विवेक अग्रवाल ने आग के बीच एक रिश्तेदार को फोन पर कहा था- भाई, शायद हम बच नहीं पाएंगे।

आग फैली तो लोगों को निकलने का मौका नहीं मिला प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, आग सुबह 8:30 बजे लगी। कुछ मिनट में धुआं पूरी इमारत में फैल गया। ऊपरी मंजिलों पर ठहरे लोगों को निकलने का मौका नहीं मिला। फायर सर्विस, पुलिस और स्थानीय लोगों ने 58 लोगों को बाहर निकाला।

इनमें 35 घायल हैं। इस दौरान 10 पुलिसकर्मी भी घायल हुए। मैक्स अस्पताल ने बताया, 39 लोगों को लाया गया था, जिसमें 18 की अस्पताल आने से पहले मौत हो चुकी थी। 15 आईसीयू में भर्ती हैं और इनमें 8 वेंटिलेटर पर हैं।

### मेरठ में तेज बारिश, 42 जिलों में अलर्ट, 80 की स्पीड से आंधी चलेगी

## 15 दिन बाद आएगा मानसून

ब्रह्मास्त्र ›› लखनऊ



यूपी में 10 दिनों से आंधी-बारिश का सिलसिला जारी है। सुबह से मेरठ-मुजफ्फरनगर में रुक-रुककर बारिश हो रही है। पश्चिमी यूपी के कई जिलों में बादल छाए हैं। गुरुवार को भी 42 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। 60 से 80 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। बिजली गिरने की भी संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 1 मार्च से लेकर अब तक बारिश सामान्य से अधिक हुई है। अनुमान है कि 18 से 20 जून तक यूपी में मानसून एंट्री करेगा। 22 जून तक यह लखनऊ पहुंच जाएगा।

बुधवार की बात करें तो कानपुर, गोरखपुर, आजमगढ़ समेत 5 जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। 42 डिग्री तापमान के साथ बस्ती सबसे गर्म शहर रहा। काशी में गंगा नदी में रेत के टीले दिखने लगे हैं। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया- उत्तर-पश्चिम भारत में कल एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। 5 जून तक यह पूरे प्रदेश को अपनी जद में ले लेगा। इससे पश्चिमी और पूर्वी यूपी में छिटपुट बारिश की संभावना है। ओले भी गिर सकते हैं। 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। गर्मी से राहत रहेगी। लू के आसार नहीं हैं। अगले 3 दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा।

## 13 दिन में टूटी 28 साल पुरानी टीएमसी

### दिल्ली से शुरू हुआ बगावत का खेल, 58 विधायक अलग

ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को पार्टी गठन के 28 साल बाद पहली बार टूट का सामना करना पड़ा है। टीएमसी के 80 में 58 बागी विधायकों ने बुधवार को ममता बनर्जी की जगह रितब्रत बनर्जी को विधायक दल का नेता चुन लिया। स्पीकर ने इस दावे को मंजूरी भी दे दी।

बगावत का पूरा खेल 22 मई को दिल्ली के बंग भवन में टीएमसी विधायक रितब्रत बनर्जी और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की मुलाकात से शुरू हुआ था। इस एक मुलाकात ने सिर्फ 13 दिनों में पार्टी को दो हिस्सों में बांट दिया। टीएमसी के भीतर जारी राजनीतिक संकट के बीच ममता के करीबी माने जाने वाले कई नेता बुधवार को सीएम शुभेंदु की प्रशासनिक समीक्षा बैठक में शामिल हुए। इनमें कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम, कुणाल घोष, नयना बंद्योपाध्याय और अशोक देब शामिल थे। इस घटनाक्रम ने पार्टी के भीतर चल रही खींचतान को और उजागर कर दिया है। टीएमसी नेता और कोलकाता नगर निगम मेयर फिरहाद हकीम के इस्तीफे को लेकर बुधवार को भ्रम बना रहा। कुणाल घोष ने दावा किया कि ममता बनर्जी ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है, लेकिन रात तक हकीम ने औपचारिक इस्तीफा नहीं दिया।

#### कॉकरोच जनता पार्टी बोली

### सीबीएसई चेयरमैन का ट्रांसफर सिर्फ दिखावा, सरकार से बातचीत को तैयार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी ने बुधवार को दिल्ली में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पार्टी की तरफ से तीन प्रवक्ता पहली बार अपनी मांगों को लेकर जनता के बीच आए। उन्होंने शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को दोहराया और कहा इसके लिए वे सरकार और विपक्ष दोनों से बातचीत को तैयार हैं।

सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने उइएए चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता के तबादले को सिर्फ दिखावा बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय होनी चाहिए और केवल तबादलों से समस्या का समाधान नहीं होगा। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दिपके 6 जून को अमेरिका से दिल्ली पहुंचेंगे। इसके बाद वे जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति लेने के लिए संसद मार्ग थाने जाएंगे। पार्टी ने देशभर के युवाओं से इस आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। पार्टी ने दावा किया कि जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी प्रदर्शन में शामिल हो सकते हैं।

### कुपोषण से मासूम की मौत, 6 कर्मचारियों को थमाया नोटिस

ब्रह्मास्त्र ›› सतना

सतना जिले के मझगवां ब्लॉक स्थित सुरांगी गांव में कुपोषण से एक मासूम बच्ची की मौत के मामले में नेशनल हेल्थ मिशन ने बड़ी कार्रवाई की है। राज्य स्तरीय जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर एनएचएम की अपर मिशन संचालक दिशा प्रणय नागवंशी ने डीपीएम और बीएमओ सहित 6 कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। इन सभी से सात दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## मुरैना डिप्टी कलेक्टर अरविंद माहौर पर रेप केस

### शादी का झांसा देकर कार-फ्लैट में दुष्कर्म का आरोप, सीएम एक बार सस्पेंड भी कर चुके हैं

ब्रह्मास्त्र ›› मुरैना



मुरैना जिला मुख्यालय पर पदस्थ डिप्टी कलेक्टर अरविंद माहौर के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया है। एक युवती ने माहौर के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण और कार-फ्लैट में बलात्कार का आरोप लगाया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर डिप्टी कलेक्टर के खिलाफ बीएनएस की धारा 69, 351(1), 351(3) और 225 के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

सिविल लाइन पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने बुधवार (3 जून) रात थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि डिप्टी कलेक्टर अरविंद माहौर से उसकी दोस्ती फेसबुक पर हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत शुरू हो गई। माहौर ने उसे शादी का प्रस्ताव दिया, जिस पर वह राजी हो गई।

पीड़िता का आरोप है कि 30 मार्च 2025 को माहौर उसे घर के पास से कार में बैठाकर मुरैना के रेस्ट हाउस ले गए। वहां कार में उसकी मर्जी के खिलाफ संबंध बनाए। इसके बाद वे उसे तत्कालीन एसडीएम के रूप में सबलगढ़ स्थित सरकारी आवास और फिर ग्वालियर स्थित फ्लैट पर ले गए। यहां भी शारिरिक संबंध बनाए। पीड़िता का कहना है कि यह सिलसिला 30 मार्च 2025 से 3 जून 2026 तक चलता रहा। अब माहौर शादी से मुकर रहे हैं और शिकायत करने पर परिवार को खत्म करने की धमकी दे रहे हैं।

#### महिलाओं से गलत सलूक पर सस्पेंड हो चुके

अरविंद माहौर का विवादों से पुराना नाता रहा है। एक छात्रा से रात में फोन पर बात करने का दबाव बनाने का आरोप लगा था। तब पीड़िता का परिवार जनसुनवाई में कलेक्टर के पास ग्वालियर से मुरैना पहुंचा था। इसके बाद 19 सितंबर 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिलाओं से गलत आचरण और बदसलूकी को लेकर चंबल कमिश्नर को माहौर को सस्पेंड करने के निर्देश दिए थे।

#### आईआरसीटीसी का बड़ा एक्शन

## 3 करोड़ फर्जी आईडी ब्लॉक

### ऑनलाइन टिकट बुकिंग में भी बनाया नया रिकॉर्ड



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने वर्ष 2025-26 के दौरान ऑनलाइन टिकट बुकिंग और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। एक ओर जहां डिजिटल माध्यम से टिकट बुकिंग का दायरा लगातार बढ़ा है, वहीं दूसरी ओर फर्जी खातों, संदिग्ध गतिविधियों और साइबर धोखाधड़ी पर लगाम लगाने के लिए आईआरसीटीसी ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। निगम ने वर्ष 2025 के दौरान 3.03 करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी निष्क्रिय कर दीं। इसके साथ ही लाखों संदिग्ध पीएनआर और करोड़ों यूजर खातों की जांच की प्रक्रिया भी शुरू की गई है।

आईआरसीटीसी के अनुसार रेलवे यात्रियों को टिकट बुकिंग में निष्पक्ष अवसर उपलब्ध कराने और दलालों तथा फर्जी खातों के जरिए होने वाली अनियमितताओं को रोकने के लिए साइबर सुरक्षा अभियान को और मजबूत किया गया है। विशेष रूप से तत्काल टिकट बुकिंग जैसी अत्यधिक व्यस्त अवधि में वास्तविक यात्रियों को प्राथमिकता दिलाने के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2025-26 के दौरान आईआरसीटीसी ने प्रतिदिन औसतन 14.53 लाख टिकटों की बुकिंग दर्ज की। यह आंकड़ा वर्ष 2024-25 के औसत 13.88 लाख दैनिक टिकट बुकिंग की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जबलपुर आ सकती हैं राष्ट्रपति

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

जबलपुर में 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। जानकारी के अनुसार, इस कार्यक्रम में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शामिल होने की संभावना है। उनके साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश सरकार के कई मंत्री भी मौजूद रह सकते हैं। हालांकि राष्ट्रपति का दौरा अभी प्रस्तावित माना जा रहा है, लेकिन जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

राष्ट्रपति के संभावित आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। प्रशासन कार्यक्रम को भव्य और व्यवस्थित रूप से आयोजित करने की तैयारी में जुटा हुआ है। इधर शिक्षा विभाग भी पूरी तरह सक्रिय हो गया है। योग दिवस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए स्कूलों के शिक्षकों और क्लास टीचर्स के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुपों में विशेष संदेश भेजे जा रहे हैं।




## टी20 वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान सूर्यकुमार की छुट्टी



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट में एक बड़ा और चौंकाने वाला फैसला सामने आया है। टी20 विश्व कप 2026 में भारत को खिताब दिलाने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव को कप्तानी से हटाने का निर्णय लिया गया है। इतना ही नहीं, चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन ने संकेत दिए हैं कि आगामी दौरों के लिए उन्हें टीम में भी जगह नहीं मिल सकती। यह फैसला टी20 विश्व कप जीत के महज तीन महीने बाद लिया गया है और भारतीय क्रिकेट में इसे एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड, चयन समिति और टीम प्रबंधन ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ चर्चा के बाद भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए नया कप्तान नियुक्त करने का निर्णय लिया है।

## मुकेश अंबानी से आगे निकले टिकटॉक के सह-संस्थापक

**मुंबई।** टिकटॉक की पैरेंट कंपनी बाइडांस के को-फाउंडर झांग यिमिंग मुकेश अंबानी को पीछे छोड़कर एशिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, झांग की संपत्ति अब 8.9 लाख करोड़ रुपए (93 बिलियन डॉलर) हो गई है। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के सीएमडी मुकेश अंबानी की संपत्ति 8.31 लाख करोड़ रुपए (86 बिलियन डॉलर) रह गई है। एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति अडाणी ग्रुप के मालिक गौतम अडाणी हैं। झांग की दौलत बाइडांस की वैल्युएशन बढ़ने और एआई चैटबॉट डौबाओ की सफलता से बढ़ी है। यह भारत और दुनियाभर में मशहूर ओपनएआई के चैटजीपीटी और गूगल के जेमिनाई जैसा ही एडवांस्ड एआई असिस्टेंट है।

## शहरों में व्यक्ति भीड़ में भी अकेला, गांवों में समुदाय अब भी जीवन का केंद्र



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने एक आर्टिकल लिखा। उन्होंने लिखा- भारत के विकास की चर्चा महानगरों, उद्योगों, तकनीक और आधुनिक संरचना के संदर्भ में की जाती है। ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कें और तीव्र आर्थिक गतिविधियां प्रगति का प्रतीक मानी जाती हैं, किंतु इस विकास यात्रा के बीच महत्वपूर्ण प्रश्न हमारे सामने खड़ा है- क्या हम अनजाने में गांवों की मूल आत्मा को खोते जा रहे हैं? क्या विकास का अर्थ यह होना चाहिए कि गांव धीरे-धीरे शहर का रूप ले लें?

## कुवैत पर ईरानी हमले से भड़के खाड़ी देश, कहा- ऐसे कायराना हमले से तनाव बढ़ा

**तेल अवीव।** खाड़ी सहयोग परिषद ने बुधवार को कुवैत और बहरीन पर हुए हमलों को लेकर ईरान की कड़ी आलोचना की। संगठन ने इन हमलों को कायराना बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। जीसीसी के महासचिव जासिम मोहम्मद अलबुदैवी ने कहा कि ईरान लगातार ऐसे कदम उठा रहा है जो खाड़ी देशों की सुरक्षा, स्थिरता और संप्रभुता के लिए खतरा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान के हालिया हमले अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र के नियमों और अंतरराष्ट्रीय मानकों का उल्लंघन हैं। ऐसे कदमों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सख्त रुख अपनाना चाहिए। खाड़ी सहयोग परिषद यानी जीसीसी में कुवैत, कतर, सऊदी अरब, बहरीन, ओमान और यूएई शामिल हैं। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि ईरान के खिलाफ कार्रवाई का फैसला उन्होंने खुद लिया था।

## मौत के 4 महीने बाद होगा खामनेई का अंतिम संस्कार



**तेहरान।** ईरान के सुप्रीम लीडर रहे अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के लगभग चार महीने बाद उन्हें दफनाया जाएगा। खामेनेई को उनकी अंतिम इच्छा के मुताबिक मशहद शहर में शिया इस्लाम के चर्चित इमाम रजा के पवित्र दरगाह परिसर के पास दफनाया जाएगा। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुताबिक खामेनेई को 21 जून के आसपास आखिरी विदाई दी जा सकती है। 28 फरवरी को तेहरान में उनके आवास पर हुए अमेरिका-इजराइल के हमले में उनकी मौत हो गई थी।

## ट्रेनिंग के दौरान ब्रिटिश नेवी का हेलिकॉप्टर क्रैश तीन सैनिकों की मौत

**ब्रिटेन।** ब्रिटेन की रॉयल नेवी का एक हेलिकॉप्टर बुधवार को ट्रेनिंग के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर में सवार तीन सैनिकों की मौत हो गई। यह दुर्घटना इंग्लैंड के डेवोन इलाके में सुबह करीब 4 बजे हुई, जब हेलिकॉप्टर एक खेत में गिरा। रॉयल नेवी के प्रमुख जनरल ग्विन जेनकिंस ने कहा कि मर्लिन एमके-4 हेलिकॉप्टर में सवार तीन क्रू मेंबर इस हादसे में जान गंवा बैठे। हादसा कैसे हुआ, इसका अभी पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच जारी है। रॉयल नेवी के मुताबिक मर्लिन एमके-4 हेलिकॉप्टर में आमतौर पर चार लोग सवार होते हैं और यह 24 सैनिकों को ले जा सकता है।

उज्जैन
गुरुवार
04
जून, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

आस्ते भग आसीनस्योर्ध्वस्तिष्ठति तिष्ठतः।
शेते निपद्यमानस्य चराति चरतो भगश्चरैवेति॥

**अर्थः** जो मनुष्य बैठा रहता है, उसका सौभाग्य (भग) भी रुका रहता है। जो उठ खड़ा होता है उसका सौभाग्य भी उसी प्रकार उठता है। जो पड़ा या लेटा रहता है उसका सौभाग्य भी सो जाता है और जो विचरण में लगता है उसका सौभाग्य भी चलने लगता है। इसलिए तुम विचरण ही करते रहो।

## खबर एक नजर...

### युवती को आया रिवॉर्ड पाइंट रिडीम का मैसेज, लिंक पर क्लिक करते ही ट्रांसफर कर लिए 1.76 लाख रुपए

**इंदौर।** इंदौर की साइबर सेल यूनिट में चंद्रलोक कॉलोनी क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई है। युवती के मुताबिक, उसे रिवॉर्ड प्वाइंट का एक मैसेज मिला। मैसेज में दिए गए लिंक पर क्लिक करने और ओटीपी दर्ज करने के बाद उसका मोबाइल काम करना बंद कर गया। बाद में उसके अकाउंट से लाखों रुपए निकल गए। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एमआईजी थाना पुलिस के पास खजराना मेन रोड निवासी प्रियंका सोनी ने शिकायत की है कि 24 मई को उसे एक्सिस बैंक के नाम से एक मैसेज मिला था। इसमें रिवॉर्ड प्वाइंट रिडीम करने के लिए कहा गया था। साथ ही एक्सिस बैंक की वेबसाइट बताकर '७२ू१-२४स्त्रस्त्रङ्क१३.५१ू'.स्त्र लिंक खोलने को कहा गया। वेबसाइट खुलने के बाद उसने अपना मोबाइल नंबर दर्ज किया। इसके बाद एक ओटीपी आया। ओटीपी सबमिट करते ही उसका मोबाइल काम करना बंद कर गया। इसके बाद 30 मई को उसके मोबाइल पर तीन टेक्स्ट मैसेज आए। इनमें बताया गया कि 24 मई को उसके अकाउंट से करीब 49 हजार रुपए, 26 मई को 99 हजार रुपए और 28 मई को करीब 28 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए हैं। जब उसने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की जानकारी देखी तो पता चला कि अलग-अलग यूपीआई आईडी के जरिए उसके अकाउंट से रुपए ट्रांसफर किए गए थे।

### ज्यूपिटर कैंसर इंस्टीट्यूट का शुभारंभ, विश्व स्तरीय कैंसर उपचार अब इंदौर में हुआ आसान

**इंदौर।** विशेष ज्यूपिटर हॉस्पिटल में बुधवार को ज्यूपिटर कैंसर इंस्टीट्यूट का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने किया। संस्थान का उद्देश्य उन्नत और समग्र कैंसर उपचार को मरीजों के लिए अधिक सुलभ एवं किफायती बनाना है। ज्यूपिटर कैंसर इंस्टिट्यूट में सर्जिकल, मेडिकल और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, बोन मेरो ट्रांसप्लांट तथा न्यूक्लियर मेडिसिन जैसी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। यहां शुरू किए गए ज्यूपिटर कैंसर बोर्ड के माध्यम से विशेषज्ञों की टीम मरीजों का संयुक्त मूल्यांकन कर एकीकृत उपचार योजना तैयार करेगी। संस्थान की विशेष पहल के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और बीमा रहित मरीजों को स्वयं घोषणा के आधार पर वित्तीय सहायता दी जाएगी। पात्र मरीजों को जनरल वार्ड शुल्क में 50 प्रतिशत तथा रेडिएशन थैरेपी शुल्क में 35 प्रतिशत तक की रियायत मिलेगी। संस्थान का लक्ष्य इंदौर और मध्य भारत के मरीजों को घर के नजदीक विश्व स्तरीय कैंसर उपचार उपलब्ध कराना है।

### बीजेपी पार्षद की कार से टक्कर, पुलिस ने नहीं सुनी शिकायत

**इंदौर।** भाजपा पार्षद के बेटे पर एक नाबालिग युवक को कार से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगा है। पीड़ित परिवार ने मामले को दबाने के लिए राजनीतिक प्रभाव इस्तेमाल करने और पुलिस द्वारा समय पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए हैं। घटना जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के खातीवाला टैंक इलाके की बताई जा रही है। परिजनों के मुताबिक 1 जून 2026 को दोपहर करीब 3:30 बजे वार्ड क्रमांक-65 के भाजपा पार्षद की कार ने कृष्णा यवत रामानी नामक नाबालिग युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि कार पार्षद के बेटे द्वारा चलाई जा रही थी। घायल युवक को उपचार के लिए एवीपी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके पैर में तीन रॉड डालनी पड़ीं। परिवार का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी और जल्दबाजी में युवक को डिस्चार्ज कर दिया गया। पीड़ित परिवार ने बताया कि युवक के पिता का पहले ही निधन हो चुका है, जबकि उसकी मां पैरालिसिस से पीड़ित हैं और लंबे समय से बिस्तर पर हैं। ऐसे में परिवार आर्थिक और मानसिक दोनों तरह से परेशान है। परिवार का यह भी दावा है कि मामले से जुड़ी कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आई हैं। इनमें पहले यह कहा गया कि घटना के समय आरोपी वाहन में मौजूद नहीं था, जबकि बाद में समझौते के लिए आर्थिक मदद की बात कही गई। हालांकि इन ऑडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।


### 5 जून को होगा टेंट हाउस एसोसिएशन का स्नेह मिलन समारोह

**उज्जैन।** उज्जैन टेंट हाउस एसोसिएशन का स्नेह मिलन समारोह 5 जून को इंदौर रोड स्थित समीर गार्डन में आयोजित किया जाएगा। शाम 7 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष परमजीत खनूजा और महासचिव राजेश हंडिया बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उज्जैन संभाग अध्यक्ष समीर उल हक, जिलाध्यक्ष योगेश गोयल और सह सचिव रईस मंसूरी ने बताया कि समारोह में विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश प्रवक्ता योगेश श्रीवास्तव और हरी नारायण राठौर मौजूद रहेंगे। एसोसिएशन के प्रवक्ता कमल लालावत और सह प्रवक्ता दीपेश गोमे ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां की जा रही हैं। मीडिया प्रभारी आशीष मालवी, कोषाध्यक्ष फिरोज मंसूरी और योगेश राठौर ने बताया कि इस स्नेह मिलन में उज्जैन जिले के सभी टेंट व्यवसायी एकत्रित होंगे। समारोह में सर्वेक्षक कप्तान बोबल और संगठन के जुल्फेज जाफरी मुख्य संयोजक की भूमिका में होंगे।

# खजराना गणेश के गर्भगृह का द्वार 10 फीट चौड़ा किया जाएगा

## एक कॉलेज की टीम ने यहां टेस्टिंग की है, टेस्टिंग की रिपोर्ट आने के बाद यहां काम शुरू किया जा सकेगा, 150 किलो चांदी निकाली

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर





लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में भक्तों की सुविधा के लिए आने वाले दिनों में दर्शन की बेहतर सुविधा मिलेगी। आगामी सिंहस्थ को देखते हुए मंदिर के गर्भगृह के गेट को 10 फीट चौड़ा किया जा रहा है।

इसके लिए गेट में लगी 150 किलो चांदी को फिलहाल हटा दिया गया है। वहीं एक कॉलेज की टीम ने यहां टेस्टिंग की है, टेस्टिंग की रिपोर्ट आने के बाद यहां काम शुरू किया जा सकेगा।

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अशोक भट्ट के मुताबिक पिछले दिनों मंदिर प्रबंध समिति की मीटिंग हुई थी। मीटिंग में मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कलेक्टर शिवम वर्मा और मंदिर प्रशासन नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने निर्णय लिया था मंदिर के गर्भगृह के मुख्य द्वार को चौड़ा किया जाए।

इस निर्णय के बाद पिछले दिनों ही मंदिर प्रबंध समिति द्वारा स्वीकृत खजराना गणेश मंदिर के मास्टर प्लान के पहले चरण के विकास कामों का पूजन-अर्चन किया गया था।

### गेट से निकाली गई 150 किलो चांदी

उन्होंने बताया कि काम की शुरूआत के पहले मंदिर के गर्भगृह के गेट पर लगी 150 किलो चांदी को निकाला गया है। इस गेट को करीब 10 फीट चौड़ा किया जाएगा। गर्भगृह का गेट चौड़ा होने से भक्तों को भगवान के दर्शन करने में सुविधा मिलेगी। आगामी सिंहस्थ में अनुमान है कि बड़ी संख्या में भक्त यहां आएंगे, ऐसे में उन्हें दर्शन करने में सुविधा मिलेगी, इसके अलावा भी यहां कई काम किए जाएंगे।

### रिपोर्ट आने का इंतजार

पं.भट्ट ने बताया कि एसजीएसआईटीएस कॉलेज की टीम ने भी यहां निरीक्षण किया और यहां टेस्टिंग की है। दो-तीन दिन पहले भी यहां कॉलेज की टीम आई थी और टेस्टिंग की थी। वो चेक करके बताएंगे कि मजबूती कितनी है। इसके साथ ही अन्य चीजों की भी टेस्टिंग की है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही यहां का काम शुरू किया जाएगा। फिलहाल गर्भगृह के गेट पर लगी चांदी को निकाला जा चुका है। संभावना है कि आगामी दिनों में रिपोर्ट आने के बाद काम की शुरूआत की जाएगी।

## कोर्ट में क्राइम ब्रांच का दावा- रेशू चौधरी और श्वेता जैन से 9 मोबाइल फोन, स्पाई कैमरा किए जब्त

# हनी ट्रैप 2- ब्लैकमेलिंग के जरिए वसूली करता था गिरोह

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

बिल्डर और शराब कारोबारी चिंटू उर्फ हितेंद्र ठाकुर को ब्लैकमेल करने के मामले में गिरफ्तार सागर निवासी रेशू चौधरी और हनी ट्रैप-1 की मुख्य आरोपी श्वेता जैन को लेकर कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान क्राइम ब्रांच ने अदालत को बताया कि दोनों महिलाओं से जुड़ा गिरोह सुनियोजित तरीके से लोगों को फंसाकर ब्लैकमेलिंग और वसूली का काम करता था।

जांच एजेंसी के अनुसार रेशू चौधरी और श्वेता जैन से कुल 9 मोबाइल फोन, एक स्पाई कैमरा, पावर बैंक, 32 जीबी का मेमोरी कार्ड और दो पेन ड्राइव जब्त किए गए हैं। वहीं अन्य आरोपियों के पास से भी मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। मामले की जांच के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें जुटी हुई हैं। इस पूरे मामले में गिरफ्तार लेडी शराब तस्कर अलका दीक्षित, उसके सहयोगी लाखन चौधरी, जितेंद्र




पुरोहित, हेड कांस्टेबल विनोद शर्मा और जयदीप ने जमानत के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। मंगलवार को लाखन चौधरी की ओर से जमानत याचिका दायर की गई, लेकिन क्राइम ब्रांच की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने इसका विरोध किया।

**संदिग्धों की भूमिका की भी जांच की जा रही-** पुलिस ने कोर्ट को बताया कि गिरोह से जुड़े अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और आरोपियों के पास से कई आपत्तिजनक सामग्री मिली है। जांच एजेंसी का कहना है कि इससे मामले का दायरा और बढ़ सकता है। वहीं अलका दीक्षित से पूछताछ के लिए पुलिस ने अतिरिक्त रिमांड भी मांगा है।

### मोबाइल डेटा में कई लोगों के नाम आने की आशंका

सूत्रों के मुताबिक जांच अब केवल फरियादी चिंटू ठाकुर तक सीमित नहीं रह गई है। पुलिस को आशंका है कि गिरोह ने कई प्रभावशाली लोगों को भी अपने जाल में फंसाया हो सकता है। जब्त मोबाइल फोन की जांच में रेशू, श्वेता, अलका और गिरफ्तार हेड कांस्टेबल विनोद शर्मा के बीच कुछ संवेदनशील फोटो साझा किए जाने के संकेत मिले हैं। इसके अलावा अन्य लोगों से जुड़ी सामग्री भी मिलने की बात सामने आ रही है, हालांकि पुलिस ने अभी किसी नाम की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### स्पाई कैमरे से रिकॉर्डिंग
### मेमोरी कार्ड में सुरक्षित रखता था डेटा

जांच में सामने आया है कि रेशू चौधरी के पास से मिला स्पाई कैमरा और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण संभावित रूप से गोपनीय रिकॉर्डिंग के लिए इस्तेमाल किए जाते थे। पुलिस को 32 जीबी का मेमोरी कार्ड भी मिला है, जिसमें बड़ी मात्रा में डेटा होने की संभावना जताई जा रही है। तकनीकी विशेषज्ञ यह पता लगाने में जुटे हैं कि रिकॉर्ड की गई सामग्री को और किन डिवाइस या स्टोरेज माध्यमों में सुरक्षित रखा गया था अथवा कहीं हटाया तो नहीं गया। पुलिस को आशंका है कि जब्त मोबाइल फोन, पेन ड्राइव और मेमोरी कार्ड में कई लोगों से जुड़े फोटो और वीडियो मौजूद हो सकते हैं। फिलहाल डिजिटल साक्ष्यों की फॉरेंसिक जांच जारी है और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## इंदौर जल संकट पर जनहित याचिका दायर

# कोर्ट ने नगर निगम को दिए तत्काल प्री-मानसून कार्यवाही के निर्देश



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

इंदौर में गहराते जल संकट को लेकर जनहित याचिका दायर की गई है। जबलपुर हाईकोर्ट की वेकेशन बेंच में न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा और जय कुमार पिल्लई ने मामले की सुनवाई की।

कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाते हुए इंदौर नगर निगम को मानसून पूर्व आवश्यक जल संरक्षण एवं पुनर्भरण कार्यों के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। यह जनहित याचिका राजलक्ष्मी फाउंडेशन द्वारा दायर की है।याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बगाड़िया एवं अधिवक्ता आयुष चौधरी ने पक्ष रखा।

याचिका में इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार गिरते भूजल स्तर, सूखते तालाबों, झीलों, कुओं और बावड़ियों, पारंपरिक जल स्रोतों से जुड़े फीडर चैनलों एवं मोहरियों के अवरुद्ध होने, वर्षा जल संचयन (रेनवॉटर हार्वेस्टिंग) नियमों के कमजोर क्रियान्वयन, अत्यधिक कंक्रीटीकरण, जलाशयों में बढ़ते सीवेज प्रदूषण, पाइपलाइन लीकेज, परित्यक्त बोरवेल, उपचारित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग तथा ग्रामीण एवं पेरी-अर्बन वाटरशेड के पुनर्स्थापन जैसे गंभीर मुद्दों को उठाया गया है। याचिका में विशेष रूप से असराबाद खुर्द, मिजार्पुर, रालामंडल, लिम्बोदी, बिलावली, छोटी बिलावली, पिपल्यापाला सहित इंदौर की पारंपरिक जल-श्रृंखला से जुड़े जलाशयों के वैज्ञानिक पुनर्जीवन की आवश्यकता पर बल दिया गया।

# दाल पर उकेरे छात्रा ने 12 ज्योतिर्लिंग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन के उत्कृष्ट विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा ने मात्र 22 मिनट में 8 मिमी आकार की चने की 12 दालों पर 12 ज्योतिर्लिंगों की पेंटिंग बनाकर असाधारण कला का परिचय दिया है। छात्रा के इस कारनामे को वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान मिला है।

ऋषि नगर निवासी प्रतिभाशाली दीक्षा कुशवाह फ्रीगंज स्थित एक आर्ट क्लास की भी छात्रा हैं। वहां बच्चों को देखकर दीक्षा ने सूक्ष्म कला सीखी। मात्र एक वर्ष की कड़ी मेहनत से उन्होंने एक अनूठा कीर्तिमान रच दिया। दीक्षा ने 8 मिलीमीटर आकार की चने की दालों पर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों की आकृतियां उकेर दीं।

दीक्षा ने यह मुकाम पाने के लिए काफी मेहनत की और मात्र 22 मिनट में सटीकता व बारीकी के साथ 12 ज्योतिर्लिंग उकेर दिए। इतनी छोटी दाल पर शिवलिंग की आकृति उकेरना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य था। इसके लिए विशेष उपकरणों के साथ-साथ धैर्य, स्थिर हाथ और गहन एकाग्रता की आवश्यकता रही। इससे पहले भी दीक्षा अपनी रचनात्मक कलाकृतियों के लिए पहचान बना चुकी हैं। दीक्षा ने बताया कि 12 ज्योतिर्लिंग बनाने की प्रेरणा उन्हें केदारनाथ, बद्रीनाथ और बाबा महाकाल के दर्शन के बाद मिली। इसके अलावा डिग्री कोर्स के दौरान कॉलेज के कई विद्यार्थियों ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए थे। साथी विद्यार्थियों की उपलब्धियों को देखकर तथा सबसे छोटे ज्योतिर्लिंग बनाने की इच्छाशक्ति से ही यह कार्य संभव हो पाया।

## प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी के साथ 275 कार्यकर्ता शामिल होंगे, संगठित होने का सलीका सिखाएंगे

# उज्जैन में कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर देवास रोड स्थित दताना के एक रिसॉर्ट में गुरुवार से शुरू होगा, जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी और एआईसीसी पदाधिकारी अलग-अलग सत्रों में कार्यकताओं को प्रशिक्षण देंगे।

शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी ने बताया कि शिविर में ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी सहित करीब 275 कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे। सभी



प्रतिभागियों के लिए रिसॉर्ट में ही रुकने की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला सत्र गुरुवार को पंजीयन के साथ शुरू होगा। इसके बाद वंदे मातरम् के साथ बौद्धिक सत्रों की शुरूआत होगी।

एकजुट होकर काम करने के तरीके बताए जाएंगे

विधायक महेश परमार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान एआईसीसी सदस्य और प्रदेश प्रभारी कार्यकर्ताओं को पार्टी की गाइडलाइन, आम लोगों तक पहुंच बढ़ाने और संगठन के लिए एकजुट होकर काम करने के तरीके बताएंगे। शिविर में संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर पर सक्रियता और आगामी रणनीतियों पर भी चर्चा की जाएगी।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे-** दो दिन तक चलने वाले इस प्रशिक्षण वर्ग में महेंद्र जोशी, संजय दत्त, हरीश चौधरी और जीतू पटवारी शामिल होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी गुरुवार शाम करीब 5 बजे शिविर में पहुंचेंगे। प्रशिक्षण शिविर में रात के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन शुक्रवार शाम को होगा।

## अधिकमास में निगम द्वारा की गई धर्मस्थलों पर विशेष व्यवस्थाओं को महापौर ने परखा

# रुद्र सागर क्षेत्र में दुकानदारों का अतिक्रमण तत्काल हटवाया गया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पुरूषोत्तम मास में नगर निगम द्वारा सप्तसागरों पर श्रद्धालुओं के लिए की गई विशेष व्यवस्थाओं में आ रही बाधाओं को बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल ने देखा है। उन्होंने तत्काल ही बाधाओं को दुर करवाया है। वे विष्णुसागर,रूद्रसागर क्षेत्र में नगर निगम की व्यवस्थाओं को परखने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान सफाई कमजोर मिली है। रूद्रसागर क्षेत्र में दुकानदारों का अतिक्रमण देखकर उन्होंने तत्काल ही श्रद्धालुओं के हित में अतिक्रमण को हटवाया है।

नगर निगम ने धार्मिक मास में



सप्तसागरों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की है। श्रद्धालुओं के लिए छायादार टेंट, शामियाने, पानी के टैंकर लगाए गए हैं, जिससे कि यहां आने वाले श्रद्धालु सुविधाजनक रूप से पूजन कर सकें। श्रद्धालु निगम द्वारा की गई व्यवस्थाओं का लाभ लेते भी देखे जा रहे हैं। गर्मी एवं धूप में छायादार जगह उपलब्ध होने से श्रद्धालुओं को पूजन में सहायता मिल रही है।

### सफाई कमजोर, दुकानदारों का अतिक्रमण

बुधवार को महापौर सप्तसागरों के अंतर्गत विष्णुसागर एवं रुद्र सागर का निरीक्षण करने पहुंचे थे। रुद्र सागर पर निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा सफाई व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया। रुद्रसागर पर श्रद्धालुओं द्वारा जिस मार्ग से पूजन हेतु प्रवेश किया जाता है वहां पर दुकानदारों द्वारा लोहे के चद्दर एवं शेड लगाते हुए अतिक्रमण किया गया था जिसके कारण श्रद्धालुओं को आवागमन में समस्या हो रही थी । तत्काल अतिक्रमण गैंग के कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए अतिक्रमण को महापौर ने खड़े रहकर हटवाया । दुकानदारों को भी समझाइश दी गई कि अधिकमास के पर्व को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखें। दुकानों के बाहर टेबल कुर्सी ना रखें जिससे यातायात भी बाधित नहीं होगा और श्रद्धालु भी सुगमता पूर्वक पूजन कर सकेंगे।

### सफाई के लिए सभी से आग्रह

साथ ही अधिकमास के पर्व को ध्यान में रखते हुए सप्तसागरों के साथ-साथ अन्य धार्मिक स्थलों पर भी सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। महापौर द्वारा निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो इस बात का ध्यान रखें। इसी के साथ श्रद्धालुओं से भी निवेदन किया गया की उज्जैन शहर की सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सप्तसागरों पर गंदगी नहीं करें और निर्धारित स्थल पर ही पूजन सामग्री विसर्जित करें।

## खबर एक नजर...

### सूरत स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित

**उज्जैन।** सूरत स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के अंतर्गत प्लेटफॉर्म क्रमांक 2, 3 एवं 4 के बीच थ्रू रूफ लॉन्चिंग के कार्य के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रभावित ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः शॉर्ट टर्मिनेट / शॉर्ट ओरिजिनेट होने वाली ट्रेनेंः- 10 जून, 2026 तक यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12935 बांद्रा टर्मिनसझसूरत सुपरफास्ट एक्सप्रेस उधना स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। अतः यह ट्रेन उधना एवं सूरत स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी 7 जून, 2026 तक यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 20925 सूरतझ अमरावती सुपरफास्ट एक्सप्रेस उधना स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। अतः यह ट्रेन सूरत एवं उधना स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। 8 जून, 2026 तक यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 20926 अमरावतीझ सूरत सुपरफास्ट एक्सप्रेस उधना स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। अतः यह ट्रेन उधना एवं सूरत स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

विश्व पर्यावरण दिवस पर विवि में पांच दिवसीय महोत्सव, सिंहस्थ के अनुरूप ग्रीन मॉडल बनेगा शहर

### साइकिल के उपयोग, रीसाइक्लिंग और ऊर्जा बचत पर होगा मंथन, विद्यार्थियों के बीच होगी प्रश्नोत्तरी

**उज्जैन।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में प्रकृति संरक्षण और जागरूकता को समर्पित पांच दिवसीय विशेष पर्यावरण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और आम नागरिकों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाकर सतत भविष्य के लिए प्रेरित करना है। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले इस पांच दिवसीय आयोजन में पर्यावरण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गतिविधियां होंगी। पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए साइकलोदय विषय पर परिचर्चा होगी। इसके अलावा ऊर्जा संरक्षण में एलईडी लाइट के सकारात्मक प्रभाव पर विशेष व्याख्यान, पर्यावरण संतुलन के लिए सतत जीवनशैली विषय पर कार्यशाला और कचरा प्रबंधन में रीसाइक्लिंग को प्रभावी समाधान के रूप में अपनाने पर जोर दिया जाएगा। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों की जागरूकता परखने के लिए अंतर-विभागीय पर्यावरण प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की जाएगी। कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने बताया कि यह आयोजन महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और हरित पृथ्वी सुनिश्चित करने का संकल्प है। आगामी दिव्य सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के अनुरूप हमें अपने परिसर और शहर को पर्यावरण के प्रति एक मॉडल बनाना है। वहीं, कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता से होने वाला यह आयोजन उज्जैन को स्वच्छ व हरित बनाने की दिशा में अहम कदम है।

### 5 जून को होगा टेंट हाउस एसोसिएशन का स्नेह मिलन समारोह

**उज्जैन।** उज्जैन टेंट हाउस एसोसिएशन का स्नेह मिलन समारोह 5 जून को इंदौर रोड स्थित समीर गार्डन में आयोजित किया जाएगा। शाम 7 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष परमजीत खनूजा और महासचिव राजेश हंडिया बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उज्जैन संभाग अध्यक्ष समीर उल हक, जिलाध्यक्ष योगेश गोयल और सह सचिव रईस मंसूरी ने बताया कि समारोह में विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश प्रवक्ता योगेश श्रीवास्तव और हरी नारायण राठौर मौजूद रहेंगे।

# बांके बिहारी मंदिर में धूमधाम से मना राम जन्मोत्सव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अंकपात मंगलनाथ मार्ग स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में इन दिनों श्रीमद्भागवत कथा की अविरल धारा बह रही है। कथा के तीसरे दिन बुधवार को मंदिर परिसर में प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरा पंडाल भजनों और जयकारों से गुंजायमान हो उठा और श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया। गुरुवार को कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण (गोपालजी) का जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा, जिसमें कान्हा को माखन-मिश्री का विशेष भोग लगाया जाएगा।

मंदिर में प्रख्यात धमार्चार्य पं. हरिनारायण शास्त्री द्वारा श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। बुधवार की कथा में उन्होंने माता सती प्रसंग और भक्त शिरोमणि मीरा देवी प्रसंग का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।





कथा व्यास पं. शास्त्री ने जीवन में वाणी के संयम पर विशेष जोर देते हुए कहा, ₹मुंह से निकला एक भी गलत शब्द महाभारत जैसी विनाशकारी स्थिति पैदा कर सकता है। कटु वचन आपका और आपके पूरे कुल का नाश कर सकते हैं।₹ उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि जब मय सभा में अर्जुन (दुर्योधन) गिरे थे, तब द्रौपदी का अट्टहास और उनका यह कटाक्ष कि 'अंधे का पुत्र अंधा ही होता है', इसी ने महाभारत के युद्ध का बीज बोया था। इसलिए हमेशा सोच-समझकर बोलें ताकि आपके शब्दों से किसी को ठेस न पहुंचे। पं. शास्त्री ने मयार्दा का संदेश देते हुए कहा कि महिलाओं को अपना श्रृंगार सिर्फ अपने पति के लिए करना चाहिए। संसार के समक्ष उन्हें सदैव नारी मयार्दा का पालन करना चाहिए। मयार्दाओं को तोड़कर आधुनिकता की अंधी दौड़ में शामिल होना पतन का कारण बनता है।

समाज में फैल रहे ढोंग पर प्रहार करते हुए कथा व्यास ने श्रद्धालुओं को पाखंड से बचने की सख्त सलाह दी। उन्होंने कहा कि चमत्कारों की चाह में तरह-तरह के स्थानों पर भटकना पाखंड है। संसार की कोई भी ताकत आपको आपके भाग्य और नसीब से ज्यादा नहीं दे सकती। उन्होंने सचेत किया कि गड़ा धन दिलाना, रातों-रात भाग्य बदलना, दुःख-तकलीफें दूर करना या संपत्ति और औलाद का सुख देने का लालच देने वाले पाखंडी आपको ठगने का प्रयास करेंगे। इनसे बचें और अपनी मेहनत की कमाई इन पर मत लुटाएं। जीवन के संकटों से मुक्ति का एकमात्र मार्ग प्रभु स्मरण है। दुःख-तकलीफ के समय भोलेनाथ की आराधना करें, वे प्रसन्न होकर आपको नारायण की शरण में भेज देंगे, जिससे आपका जीवन बदल जाएगा।

मंदिर प्रबंधक पं. वासुदेव शास्त्री ने बताया कि गुरुवार को मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव (नंदोत्सव) का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके लिए मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। भगवान के जन्म के बाद महाआरती होगी और श्रद्धालुओं के बीच माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### गोंदिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में पदस्थ यादव की उपस्थिति जोन 4 में मिली, कार्रवाई होगी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जोन क्रमांक 4 कार्यालय का बुधवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया तथा हाजिरी रजिस्टर की जांच की। निरीक्षण में कुछ कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त ने संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश जोनल अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। आयुक्त को रजिस्टर में एक अनियमितता भी मिली। गोंदिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक कैलाश यादव की उपस्थिति जोन कार्यालय के रजिस्टर में दर्ज पाई गई। उन्होंने कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### अभिभाषक संघ बड़नगर की नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन

**बड़नगर।** अभिभाषक संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। संघ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं सदस्यों की सहमति से एड. करण रणजीत राठौड़ को पुनः अध्यक्ष बनाया गया था। जिसके उपरांत उनके द्वारा बुधवार को नवगठित कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर अनुभवी एवं सक्रिय युवा अधिवक्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं।

# उज्जैन में कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आज होगा शुभारंभ

### :प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी के साथ 275 कार्यकर्ता शामिल होंगे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर देवास रोड स्थित दताना के एक रिसॉर्ट में गुरुवार से शुरू होगा, जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी और एआईसीसी पदाधिकारी अलग-अलग सत्रों में कार्यकताओं को प्रशिक्षण देंगे।

शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी ने बताया कि शिविर में ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी सहित करीब 275 कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे। सभी प्रतिभागियों के लिए रिसॉर्ट में ही रुकने की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला सत्र गुरुवार सुबह 10 बजे पंजीयन के साथ शुरू होगा। इसके बाद सुबह 11 बजे वंदे मातरम् के साथ बौद्धिक सत्रों की शुरूआत होगी।



#### एकजुट होकर काम करने के तरीके बताए जाएंगे

विधायक महेश परमार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान एआईसीसी सदस्य और प्रदेश प्रभारी कार्यकताओं को पार्टी की गाइडलाइन, आम लोगों तक पहुंच बढ़ाने और संगठन के लिए एकजुट होकर काम करने के तरीके बताएंगे। शिविर में संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर पर सक्रियता और आगामी रणनीतियों पर भी चर्चा की जाएगी।

दो दिन तक चलने वाले इस प्रशिक्षण वर्ग में महेंद्र जोशी, संजय दत्त, हरीश चौधरी और जीतू पटवारी शामिल होकर कार्यकताओं को संबोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी गुरुवार शाम करीब 5 बजे शिविर में पहुंचेंगे। प्रशिक्षण शिविर में रात के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन शुक्रवार शाम को होगा।

### विश्व साइकिल दिवस पर पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य का संदेश देने निकली साइकिल रैली

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर 3 जून को यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया उज्जैन यूनिट द्वारा शहर में साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली के माध्यम से नागरिकों को स्वस्थ शरीर, स्वच्छ पर्यावरण और ईंधन बचत का संदेश दिया गया।

एसोसिएशन के मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया कि रैली सुबह 7 बजे टावर चौक से शुरू हुई। यहां से साइक्लिस्ट कोठी रोड, नानाखेड़ा और इंदौर रोड होते हुए वापस टावर चौक पहुंचे, जहां रैली का समापन हुआ। करीब 12 किलोमीटर लंबी इस साइकिल रैली में 100 से अधिक साइक्लिस्टों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के इस आयोजन में युवाओं और महिलाओं के साथ ही वरिष्ठ सदस्यों ने भी अपनी विशेष भागीदारी दर्ज कराई। साइकिल रैली का संयोजन श्रीकांत चौधरी ने किया। आयोजन में संस्था के पदाधिकारी गोपाल महाकाल, जयंत तेलंग, प्रदीप पिंगले, आशुतोष पंडित, अशोक वर्मा, दिलीप चौहान, मिलन गुप्ता, राजेश योहान, अमिताभ पंडित, कविता पंडित, नीता कुकडे, शशिकांत विरकर, सुभाष साकोरीकर, सतीश राजगुरु और अजय टिक्कू मुख्य रूप से सम्मिलित हुए।

# ऊर्जा संकट और जलवायु परिवर्तन का सबसे सुलभ समाधान है साइकिल

### विश्व साइकिल दिवस पर विवि में हुआ साइकलोदय कार्यक्रम, एसपी ने उज्जैन को साइकिल सिटी बनाने की परिकल्पना को सराहा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विश्व साइकिल दिवस पर बुधवार को सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला में साइकलोदय 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'वैश्विक संकट में साइकिल की उपयोगिता और उसके महत्व' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने साइकिल को पर्यावरण, स्वास्थ्य और समय की बचत का सबसे बेहतर माध्यम बताया। यह आयोजन सोसायटी ऑफ...ग्लोबल साइकिल, विश्वविद्यालय और मप्र जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि ऊर्जा संकट और जलवायु परिवर्तन का सबसे सुलभ समाधान साइकिल ही है। आने वाले 200 से 250 वर्षों में जीवाश्म ईंधन खत्म होने की ओर होगा, ऐसे में भारत जैसे देश के लिए साइकिल सबसे सस्ता और प्रभावी उपाय है। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने कहा कि शहरी भीड़, संकरी गलियों और पार्किंग की समस्या ने कार की सीमाएं बता दी हैं। उन्होंने उज्जैन को साइकिल सिटी बनाने की परिकल्पना की सराहना करते हुए कहा कि लोग सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल का उपयोग अनिवार्य रूप से करें।

मुख्य वक्ता उप संचालक जनसंपर्क अरुण कुमार राठौर ने साइकिल को जीवन, अनुशासन और दर्शन का प्रतीक बताया। इस दौरान सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल की वेबसाइट का अनावरण भी किया गया। मंच पर सतत शिक्षा अध्ययनशाला के निदेशक डॉ. सुशील कुमार शर्मा और वरिष्ठ आर्किटेक्ट श्रीकांत वैशंपायन विशेष रूप से मौजूद रहे।

### 16 साल की उत्कृष्ट सेवा का मिला परिणाम, आरक्षक राजीव दोहरे बने प्रधान आरक्षक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पुलिस विभाग में 16 वर्षों तक निष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएं देने वाले नागझिरी थाने के आरक्षक राजीव दोहरे को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति के साथ ही उनका स्थानांतरण थाना नागझिरी से नानाखेड़ा कर दिया गया है। राजीव दोहरे ने अपने 16 साल के सेवाकाल में अनुशासन और पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। पुलिस विभाग की चुनौतियों के बीच उन्होंने अपनी कार्यशैली और व्यवहार से अधिकारियों, सहकर्मियों और आम नागरिकों के बीच एक अलग पहचान बनाई। उनकी इसी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट जनसेवा के फलस्वरूप उन्हें प्रधान आरक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस उपलब्धि पर राजकुमार झांझोट सहित अन्य मित्रों, सहकर्मियों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। शुभचिंतकों ने विश्वास जताया कि वे अपनी नई जिम्मेदारी को भी पुरानी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे।

# दाल पर उकेरे 12 ज्योर्तिलिंग, दिखाई सूक्ष्म कला; वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन के उत्कृष्ट विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा ने मात्र 22 मिनट में 8 मिमी आकार की चने की 12 दालों पर 12 ज्योतिर्लिंगों की पेंटिंग बनाकर असाधारण कला का परिचय दिया है। छात्रा के इस कारनामे को वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान मिला है।

ऋषि नगर निवासी प्रतिभाशाली दीक्षा कुशवाह फ्रीगंज स्थित एक आर्ट क्लास की भी छात्रा हैं। वहां बच्चों को देखकर दीक्षा ने सूक्ष्म कला सीखी। मात्र एक वर्ष की कड़ी मेहनत से उन्होंने एक अनूठा कीर्तिमान रच दिया। दीक्षा ने 8 मिलीमीटर आकार की चने की दालों पर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों की आकृतियां उकेर दीं।

दीक्षा ने यह मुकाम पाने के लिए काफी मेहनत की और मात्र 22 मिनट में सटीकता व बारीकी के साथ 12 ज्योतिर्लिंग उकेर दिए। इतनी छोटी दाल पर शिवलिंग की आकृति उकेरना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य था। इसके लिए विशेष उपकरणों के साथ-साथ धैर्य, स्थिर




हाथ और गहन एकाग्रता की आवश्यकता रही। इससे पहले भी दीक्षा अपनी रचनात्मक कलाकृतियों के लिए पहचान बना चुकी हैं।

दीक्षा ने बताया कि 12 ज्योतिर्लिंग बनाने की प्रेरणा उन्हें केदारनाथ, बद्रीनाथ और बाबा महाकाल के दर्शन के बाद मिली। इसके अलावा डिग्री कोर्स के दौरान कॉलेज के कई विद्यार्थियों ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए थे। साथी विद्यार्थियों की उपलब्धियों को देखकर तथा सबसे छोटे ज्योतिर्लिंग बनाने की इच्छाशक्ति से ही यह कार्य संभव हो पाया।

### संत लीला शाह स्कूल में सिंधियत पाठशाला समर कैंप का समापन

# मातृभाषा की उन्नति में ही समाज की मूल उन्नति, हर क्षेत्र में सिंधी भाषा के उपयोग का संकल्प

### प्रतिभागियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, अतिथियों का हुआ सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मातृभाषा की उन्नति में ही हमारी मूल उन्नति है। सिंधी भाषा को व्यावहारिक रूप में अपनाते हुए प्रत्येक क्षेत्र में इसका उपयोग करना चाहिए। यह बात समाजसेवी दौलत खेमचंदानी ने अब्दालपुरा स्थित संत लीला शाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सिंधियत पाठशाला समर कैंप के समापन अवसर पर कही। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने उपस्थित जनों को हर क्षेत्र में मातृभाषा का उपयोग करने का संकल्प भी दिलाया।

श्री ओमअनिका संस्था की संचालिका कशिश शीतलानी और पंचायत सचिव वीर कुमार मामनानी



ने बताया कि मध्य प्रदेश सिंधी साहित्य अकादमी भोपाल के सहयोग से 19 मई से यह पाठशाला संचालित की जा रही थी। यह कैंप मुख्य रूप से ओम अनिका सामाजिक सांस्कृतिक संस्था सिंधी कॉलोनी और संत लीला शाह स्कूल में लगाया गया। शिविर में सभी आयु वर्ग के बच्चों के साथ महिलाओं ने भी भाग लिया।

शिविर में प्रतिभागियों को सिंधी संस्कृति, सभ्यता, संस्कार और सिंधी महापुरुषों की कहानियों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही भगवान झूलेलाल के पल्लव, अरदास, गीत-संगीत, नृत्य और लाडा का प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर सभी बच्चों ने सीखी गई विधाओं के आधार पर कविताएं, पल्लव, लाडा और सिंधी गीतों की आकर्षक प्रस्तुति दी। इस दौरान पूज्य श्री सिंधु भाई बंध पंचायत समिति के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल और मां सरस्वती के चित्र पर पूजा-अर्चना व माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समन्वयक राजकुमारी खेमचंदानी, महिला विंग सचिव नीतू बलवानी और भारती खेमचंदानी उपस्थित थीं। अतिथियों का स्वागत कशिश शीतलानी, नरेश मूलचंदानी, सुनील शीतलानी, डोली खेमचंदानी, अनीता गंगवानी, आशा, महक मूलचंदानी और किशोर भाई ने किया। संचालन कशिश शीतलानी ने किया।

### राज्य स्तरीय अस्मिता बास्केटबॉल लीग के लिए उज्जैन टीम घोषित

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य चैंपियनशिप के तहत अस्मिता बास्केटबॉल लीग के जूनियर बालिका वर्ग का राज्य स्तरीय आयोजन 4 से 7 जून तक शहर में होगा। मध्य प्रदेश एसोसिएशन और उज्जैन कॉर्पोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए उज्जैन टीम की घोषणा कर दी गई है। संगठन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि जूनियर बालिका वर्ग की टीम का कप्तान अपराजिता चतुर्वेदी को चुना गया है। टीम के अन्य खिलाड़ियों में वृतिका कुरेल, रौली पंड्या, नीतिका सोनी, अनन्या जैन, देवयानी गौड, तेजस्वी मांगरोले, जाह्नवी सोलंकी, आराध्या कटारा, पलिशका मेडा, अवनी गोथवाल और प्रतीका सोनी शामिल हैं। मनीषा पंवार को टीम का कोच और सेजल डागर को मैनेजर नियुक्त किया गया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 4 जून को शाम 5:30 बजे महानंदा नगर स्थित बास्केटबॉल एरिना में आयोजित किया जाएगा।

# चारभुजा नाथ मंदिर में सजा मोगरा फूल झूला, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में मोगरा फूल झूला उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान भगवान की मनमोहक झांकी और आकर्षक श्रृंगार के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और दर्शन लाभ लिया।

उत्सव के मनोरथी दिनेश चंद्र डाढ़ और श्रीमती मनोरमा डाढ़ थे। पंडित बृजभूषण दीक्षित ने पूरे विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया। इसके बाद मनोरथी परिवार ने आरती कर भगवान को फल और पेड़े का भोग अर्पित किया। महाआरती के पश्चात उपस्थित भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर श्रीमती मनोरमा और दिनेश चंद्र डाढ़ ने मंगलनाथ मंदिर में अशक्त दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए एक व्हीलचेयर भी भेंट की।

**NAME CHANGE NOTICE**

It is hereby informed to the general public that my former name was mantsha. i have change my name from mantsha to mantasha. I shall be known and addressed by the name **Mantasha**

**MANTASHA**

173, panchkunwa shankarpur, UJJAIN

# जिला प्रशासन ने स्पष्ट की ग्राम जामठी के पेयजल संबंधी वस्तुस्थिति

## वन भूमि पर अतिक्रमण के कारण स्थायी जल संरचना संभव नहीं, टैंकर से आपूर्ति जारी

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर



सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों में ग्राम पंचायत मालवीर अंतर्गत ग्राम जामठी के रामलाल फालिया और पलासपानी फालिया के निवासियों द्वारा गहरे गड्ढों से पेयजल लाने संबंधी प्रसारित समाचार पर जिला प्रशासन ने वस्तुस्थिति स्पष्ट की है।

प्रशासन के अनुसार संबंधित क्षेत्र में लगभग 15 परिवार वन भूमि पर अतिक्रमण कर दूर-दूर बसे हुए हैं। उक्त क्षेत्र में किसी भी परिवार को वन अधिकार पट्टा जारी नहीं किया गया है। वनमंडलाधिकारी बुरहानपुर के प्रतिवेदन के अनुसार परिक्षेत्र शाहपुर अंतर्गत बीट मोहद के कक्ष क्रमांक 449 की वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर कुछ परिवार निवास कर रहे हैं। शासन की योजनाओं और स्थायी अधोसंरचना संबंधी कार्यों के क्रियान्वयन में विधिक प्रावधानों का पालन आवश्यक है। वन भूमि पर अतिक्रमण होने के कारण वहां स्थायी जल संरचना स्थापित कर जल उपलब्ध कराना संभव नहीं है।

वन विभाग द्वारा पहले संबंधित अतिक्रमणकारियों को बेदखली नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर मानवीय दृष्टिकोण और संवेदन शीलता अपनाते हुए ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकता और मांग के अनुसार समय-समय पर पेयजल उपलब्ध कराया जाता रहा है।इसी कड़ी में बुधवार को भी संबंधित क्षेत्र में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पानी का टैंकर भेजा गया। प्रशासन द्वारा क्षेत्र के निवासियों के लिए आवश्यकता नुसार पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन ने कहा कि संबंधित क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था संबंधी अन्य माध्यमों में प्रसारित समाचार तथ्यात्मक रूप से भ्रामक और अपूर्ण है। आवश्यकता अनुसार नियमित रूप से वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है।

### मनरेगा विषय अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**सनावद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निदेर्शानुसार मनरेगा विषय अंतर्गत के संबंध में शिविर आयोजित किया गया जहां पर न्यायाधीश महोदय मो असलम दहलवी साहब एवं योगेश कुमार चालीसा साहब के द्वारा आमजन को कहा कि मनरेगा ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम है। यह एक योजना है जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को रोजगार प्रदान करती है। मनरेगा में ऐसे मजदूर कार्य कर सकते है जो शारीरिक तौर पर मजबूत हो ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा बढ़ाना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना बेरोजगारी कम करना मनरेगा में सहायक है मनरेगा को लोक अदालत में ग्रामीण मजदूरों को इन लाभ के अंतर्गत लाभ भी दिया जाता है जैसे विवादों का निपटारा,वैकल्पिक विवाद,समाधानसुलह और समझौता जैसे निःशुल्क सेवा प्रदान करते हैं मनरेगा से संबंधित विवादों को सुलझाने में भी न्यायालय मजदूरों को लाभदेती है आप अपनी ग्रामीण पंचायत में जाकर मिले और मनरेगा मजदूरी के संबंध में जानकारी ले शिविर में न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया मौजूद थे।

### खबर एक नजर...



#### पिस्टल-चाकू समेत स्विफ्ट कार जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**बुरहानपुर।** नेपानगर पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक पिस्टल, चाकू और एक स्विफ्ट कार जब्त की है। नेपानगर थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानू जायसवाल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बंटी उर्फ ब्रजेश पिता किशोरीलाल दावरे (46), निवासी ई-टाइप नेपानगर, अपनी सिल्वर रंग की मारुति स्विफ्ट कार (एमपी 43-सी 4256) में अवैध पिस्टल लेकर बीड़ की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही टीआई अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को रोका। तलाशी लेने पर कार की पिछली सीट पर रखे एक लाल बैग से एक हस्तनिर्मित देशी पिस्टल और एक धारदार चाकू बरामद हुआ।

आरोपी बंटी उर्फ ब्रजेश के पास इन हथियारों का कोई वैध लाइसेंस नहीं था। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक शाहाबुद्दीन कुरैशी, सहायक उपनिरीक्षक सुनील दुबे, आरक्षक राकेश कनासे, मनमोहन सिंह और गजेंद्र रावत शामिल थे।

#### भीषण गर्मी में बोहरा समाज की अनूठी पहल

**पिपलिया मंडी।** बोहरा समाज एक ऐसा समाज है जो सेवा और धर्म के कार्य इस प्रकार करता है कि बाएं हाथ से किए गए पुण्य कार्य का दाएं हाथ को भी पता नहीं चलता। इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए शिया दाऊदी बोहरा समाज, पिपलिया मंडी द्वारा च्बीट द हीटज अभियान के तहत गांधी चौराहे पर राहगीरों एवं वाहन चालकों को ठंडी छाछ वितरित की गई।उक्त जानकारी देते हुए बोल बम सेवा समिति प्रमुख किशोर रोचानी ने बताया है कि कार्यक्रम में सूरत से पधारे इस्माइल भाई की गरिमामयी उपस्थिति रही। समाज के सभी वरिष्ठजन एवं युवा साथियों ने मिलकर भीषण गर्मी में सैकड़ों लोगों को प्रेम, आत्मीयता और सम्मान के साथ ठंडी छाछ पिलाई, जिससे राहगीरों को राहत मिली।इस सेवाभावी पहल की नगरभर में सराहना हो रही है। नागरिकों ने बोहरा समाज के इस कार्य को मानवता, सामाजिक सद्भाव और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए समाज की सेवा भावना की बहुत-बहुत प्रशंसा की।

#### मंजुला मेवाड़े ने दिया पौधारोपण का संदेश



मंडलेश्वर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने, विश्व पर्यावरण दिवस तथा पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में मंडलेश्वर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं नगर परिषद मंडलेश्वर एल्डरमैन मंजुला मेवाड़े ने अपने खेत में जामुन एवं शमी के पौधों का रोपण किया।इस अवसर पर मंजुला मेवाड़े ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के विशेष अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने सभी भाई-बहनों तथा प्रकृति प्रेमी माता-बहनों से आग्रह किया कि वे अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ एवं अन्य शुभ अवसरों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि पौधे केवल पर्यावरण को हरा-भरा नहीं बनाते, बल्कि मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन, स्वच्छ वातावरण भी प्रदान करते हैं। सरकार द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत अभियान को जन-जन का सहयोग मिलना आवश्यक है। मंजुला मेवाड़े ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुंदर और हरित पर्यावरण मिल सके।

#### बास्केटबॉल खिलाड़ी तोमर बने नगर पालिका के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर

**जावरा ।** नगर पालिका परिषद ने अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी हरेंद्र सिंह तोमर को स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता के लिए जावरा शहर का ब्रांड एंबेसडर मनोनीत किया है ।जिले के जावरा नगर को बास्केटबॉल के नाम से भी जाना जाता है ।शहर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक बास्केटबॉल खेल में जावरा शहर का नाम रोशन करने वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हरेंद्र सिंह तोमर ने भारत , अम्मान, लेबनान ,सऊदी अरब ,मलेशिया सहित विभिन्न देशों में खेल कर भारत के साथ जावरा का नाम भी गोरवान्वत किया ।तोमर ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश सीनियर बास्केटबॉल टीम के कप्तान के रूप में भी नेतृत्व किया था।



### एक नशामुक्त समाज के निर्माण में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण-कलेक्टर

**मन्दसौर।** पुलिस विभाग के तत्वावधान में स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में नशामुक्ति सूचना शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर अदिती गर्ग ने कहा कि एक नशामुक्त समाज के निर्माण में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनता से अपील की कि प्रशासन द्वारा जारी किए जा रहे हेल्पलाइन नंबर पर अवैध गतिविधियों की सूचना देकर पुलिस का सहयोग करें।एसपी विनोद कुमार मीना ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन सदैव आमजन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर दी जानी चाहिए। शिविर में नशामुक्ति विशेषज्ञ डॉ. वंदना पाटीदार ने नशे के घातक दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह किस तरह व्यक्ति, परिवार और समाज को बर्बाद करता है।

### बुलेट की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**नीमच।** शहर के सिटी थानान्तर्गत इंदिरा नगर के भगवानपुरा चौराहा समीप सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर ट्राली बनाने वाले मिस्त्री 56 वर्षीय अतीक कुरैशी की तेज रफ्तार बुलेट की टक्कर से मौत हो गई। जानकारी अनुसार माधवगंज नीमच सिटी निवासी अतीक मोहम्मद पिता शफी मोहम्मद कुरैशी उम्र 56 वर्ष मंगलवार शाम भगवानपुरा चौराहे के यहां अपनी ट्राली वर्क्स की दुकान बंद कर घर जाने के लिये खाना हो रवाना हो रहा था द्य तभी तेज रफ्तार बुलेट ने उसे टक्कर मार कर गंभीर घायल कर दिया। दुर्घटना के बाद बुलेट चालक बगैर रूके बुलेट सहित फरार हो गया। आस पास वालों ने गंभीर रूप से घायल को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसे बचाया नहीं जा सका उसकी दुखद मौत हो गई ।

## सिविल अस्पताल में चोरी की घटना का खुलासा, 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया

'दैनिक अवन्तिका' ›› मंडलेश्वर



थाना मण्डलेश्वर की पुलिस टीम ने सिविल अस्पताल मण्डलेश्वर की नई बिल्डिंग में हुई चोरी की घटना का खुलासा कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है ।दिनांक 18 मई को थाना मण्डलेश्वर पर मेडिकल ऑफिसर महेश्वर ने सूचना दी कि आज दिनांक को सिविल अस्पताल मण्डलेश्वर की नई बिल्डिंग के निरीक्षण के दौरान अस्पताल के भूतल एवं प्रथम तल के कुछ कमरों के ताले टूटे हुए पाए गए ।

कमरों की जांच करने पर ऑक्सीजन फ्लोमीटर कनेक्टर, ऑक्सीजन जंक्शन बॉक्स कंट्रोलर, लगभग 300 मीटर कॉपर ऑक्सीजन पाइप, फायर सिलेंडर, 4 ए.सी. इंडोर यूनिट, 2 ए.सी. आउटडोर यूनिट, 1 सीसीटीवी कैमरा तथा फायर पाइप बॉक्स के कॉपर कनेक्टर एवं होज पाइप आदि गायब मिले । इसके पश्चात अस्पताल की छत का निरीक्षण करने पर पाया गया कि छत पर लगे दरवाजे का नकुचा टूटा हुआ था तथा दरवाजा खुला हुआ था । प्रारंभिक जांच में अनुमान है कि अज्ञात चोर छत के रास्ते भवन में प्रवेश कर कमरों के ताले तोड़कर उक्त सामग्री चोरी कर ले गए है । वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सिविल अस्पताल में हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी मण्डलेश्वर निरीक्षक पंकज तिवारी के नेतृत्व में थाना मण्डलेश्वर से पुलिस टीम का गठन किया जाकर अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी कर उनकी धरपकड़ करने हेतु निर्देशित किया गया था ।गठित पुलिस टीम के द्वारा सिविल अस्पताल एवं आसपास के आने जाने वाले सभी के संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेजो का संकलन किया गया एवं उन्हें बारीकी से खंगाला गया ।

## अखिल भारतीय बलाई महासंघ व म.प्र. महा वाल्मीकि पंचायत के कार्यकर्ता पुलिस थाने पर पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

### समाज के आक्रोश के बाद टीआई बोले- दर्ज करेंगे एफआईआर

ब्रह्मास्त्र ›› सनावद

नगर के फ्रीगंज क्षेत्र में सोमवार को बाइक से महिला को टक्कर लगी। इसके बाद बाइक चालक ने महिला से मारपीट की। महिला थाने पहुंची तो मौजूद पुलिसकर्मी ने एनसीआर करने की बात कही। इससे परिवार संतुष्ट नहीं हुआ।जिला मुख्यालय शिकायत करने की बात कहते हुए थाने से वापस आ गए। इसके बाद मंगलवार सुबह इसी मामले को लेकर अखिल भारतीय बलाई महासंघ व मप्र महा वाल्मीकि पंचायत के कार्यकर्ता थाने पहुंचे। थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। दलित परिवार को न्याय, आरोपी पक्ष पर कार्रवाई आदि मांग की।

जिलाध्यक्ष आकाश शिंदे व नगर अध्यक्ष गोलू बोयड़ ने बताया महिला को टक्कर मारकर घायल कर दिया। उसके बाद बाइक चालक युवक ने धारदार हथियार निकालते हुए महिला से मारपीट की। इसके बाद पीड़ित महिला कम्मो बाई अपने पति दीपक के साथ थाने पर आई, लेकिन ड्यूटी पर मौजूद एएसआई ने अदमचेक काटने की बात कही। जबकि आरोपी पर पूर्व में भी अपराध दर्ज है तो उस पर एफआईआर दर्ज होना चाहिए।

ज्ञापन देने के दौरान बबलू वाशिंदे, राहुल मेवा, निखिल आदिवाल, नवीन आदिवाल, सुरेश सांवले, करामात, गोलू सांवले, ऋतिक गौसर, सागर गौसर, सचिन सिहोते, दिनेश सिहोते, अभिषेक, रवि आदिवाल, सचिन घावरी, राजेश आदिवाल, बिट्टा आदिवाल, कान्हा आदिवाल आदि मौजूद थे। इस मामले में टीआई धर्मेंद्र यादव ने बताया आरोपी पर कार्रवाई की जा रही है। परिवार रात को खरगोन जिला मुख्यालय पर शिकायत करने का कहकर वापस चला गया था।

आरोपी पर यदि पूर्व से अपराध दर्ज है तो एफआईआर करवाकर उस पर कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। शाम को ही संगठन के लोगों को बता दिया था कि यदि वह आरोपी है तो उस पर एफआईआर दर्ज कर देंगे।

### संत बिना किसी चार्ज के आपको रिचार्ज कर देते है - पूज्य स्वामीजी

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

जीवन में जब भी कोई ऐसा संकट आ जाए की कोई मार्ग दिखाई नहीं देवे । आप स्वयं को दुविधाओं के चक्रव्यूह में घिरे महसूस करें तब तुरंत किसी भी संत की शरण स्वीकर कीजिये । इससे आपके जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल जायेंगे । सच्चे संत बिना किसी चार्ज के आपको रिचार्ज कर देते है ।यह हमेशा याद रखिये कि बिना हरि की कृपा के संत नहीं मिलते है । परमात्मा के दूत के रूप में संत आपके जीवन से संकटों का समाधान करते हुए जीवन में ज्ञान और वैराग्य का जागरण करते है यह प्रेरक दिग्दर्शन महामण्डलेश्वर स्वामी चिदम्बरानन्द सरस्वतीजी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के दुसरे सत्र में किया । वे श्री हरिहर सेवा समिति मोहनलाल भट्ट परिवार एवं श्री कालिका माता सेवा मंडल ट्रस्ट द्वारा पुरुषोत्तम मास के अवसर पर दयाल वाटिका सैलाना रोड पर मोक्षदायिनी कथा का श्रवण करवा रहे है । आरम्भ में आयोजक परिवार के मोहनलाल भट्ट, महेंद्र भट्ट, सुनील भट्ट आदि ने पोथी पूजन किया । कथा प्रसंग में बुधवार को परीक्षित आगमन एवं सुखदेव जी आगमन का मार्मिक चित्रण किया गया ।

### साधु संतों की सुरक्षा के लिए उपमुख्यमंत्री देवड़ा से की चर्चा

**जावरा ।** भारत विकास परिषद के अध्यक्ष शेखर नाहर ने भोपाल में मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा से भेंट कर प्रदेश के किसानों और साधु-संतों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। प्रदेश में साधु-संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा किसानों को आगामी कृषि सीजन में खाद की किसी भी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद वितरण में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर मध्यप्रदेश वेयरहाउस संगठन के अध्यक्ष संजय भाई से भी किसानों को खाद उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था तथा वितरण प्रक्रिया को और अधिक सुचारू बनाने पर विचार-विमर्श हुआ। इस दोरान सुरेंद्र कुमार जैन, राकेश चोरड़िया, राजकुमार मारवाड़ी सहित जबलपुर से आई महिला अध्यक्ष संगीता जी भी उपस्थित रहीं। सभी ने किसानों के हितों और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सकारात्मक चर्चा करते हुए जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई।

### कालूखेड़ा उप मंडी 5 जून से शुरू होने से पूर्व विधायक ने परखी व्यवस्थाएं



ब्रह्मास्त्र ›› जावरा

क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी खबर है कि प्रतीक्षित कालूखेड़ा उपमंडी का संचालन ५ जून से प्रारंभ होने जा रहा है,। जहां किसानों की कृषि उपज की खरीदी की जाएगी। उपमंडी शुरू होने से क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दूर-दराज की मंडियों में नहीं जाना पड़ेगा। उपमंडी के शुभारंभ से पूर्व विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने मंडी परिसर का निरीक्षण किया। उनके साथ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के-के सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान प्लेटफॉर्म व्यवस्था, बारिश के दौरान जलभराव, बिजली व्यवस्था, मुरम भराव एवं नालों के माध्यम से पानी निकासी जैसी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।विधायक ने मंडी प्रशासन को निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि उपमंडी शुरू होने से क्षेत्र के हजारों किसानों को लाभ मिलेगा और उनकी उपज का विक्रय स्थानीय स्तर पर ही सुगमता से हो सकेगा।इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## 127वें दिन शिवना के घाटों की सफाई के साथ ही दीवारों का किया रंगरोगन

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर



शिवना शुद्धिकरण जनअभियान अपने 127वें दिन बुधवार को जिलेभर से आए कांग्रेस नेता, समाजसेवी, महिलाएं, युवा और ग्रामीणजन ने मिलकर नदी और घाटों की साफ-सफाई की, साथ ही दीवारों का रंग-रोगन भी किया। इस दौरान नदी के भीतर से दो ट्रॉली गंदगी और कचरा बाहर निकाला गया। इस अवसर पर अभिव्यक्ति ओपन माइक टीम मंदसौर द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। अभियान में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस वर्किंग कमेटी की सदस्य एवं पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि किसी भी बड़े सामाजिक बदलाव के लिए दृढ़ संकल्प और जनसहयोग सबसे अनिवार्य तत्व हैं। उन्होंने कहा कि विधायक विपिन जैन के आह्वान पर शुरू हुआ यह अभियान आज एक बड़े जनआंदोलन का रूप ले चुका है, जिसका नतीजा है कि शिवना नदी अब पहले से कहीं अधिक स्वच्छ और निर्मल दिखाई दे रही है। वहीं विधायक विपिन जैन ने इस सफलता को जनशक्ति की मिसाल बताते हुए शहरवासियों से अपील की कि वे हर रविवार सुबह 7 से 9 बजे तक आयोजित होने वाले इस नियमित श्रमदान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस पुनीत कार्य को और अधिक मजबूती प्रदान करें।

### बावड़ी में मिला लापता बुजुर्ग का शव

**मन्दसौर।** शहर के चंद्रपुरा क्षेत्र में ओखाबावजी मंदिर के पास स्थित एक बावड़ी में मंगलवार रात को 55 वर्षीय गोपाल सोलंकी का शव तैरता हुआ मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर नई आबादी थाना पुलिस और नगर पालिका की टीम ने शव को कुएं से बाहर निकाला। बताया गया है कि मृतक पिछले दो दिनों से घर से लापता थे।

## निजी अस्पताल सील करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, जांच का हवाला देकर लौटी


ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर



नेपानगर क्षेत्र में नगर पालिका परिषद के नवीन भवन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स स्थित अमन एंड प्रीसियस लाइफ केयर हॉस्पिटल को सील करने का आदेश लेकर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम बिना कार्रवाई किए लौट गई। टीम लगभग ढाई घंटे अस्पताल संचालक के साथ बातचीत करने के बाद यह कहकर वापस लौटी कि वह जांच करने आई थी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुरूआती दौर में अस्पताल कर्मचारियों से कहा कि अस्पताल सील करने के आदेश हैं, मेडिकल भी बंद करना पड़ेगा। लेकिन अस्पताल संचालक से पुष्पेंद्र जामले की मुलाकात के बाद माहौल बदल गया।

अधिकारी संचालक के पर्सनल केबिन में काफी देर तक बैठे रहे। लगभग ढाई घंटे बाद अधिकारियों ने कहा कि उनसे पहले जिन अधिकारियों ने जांच की थी, उस समय यहां मरीज थे, इसलिए उनके पास सीलिंग का आदेश आया था। अब अस्पताल में कोई मरीज नहीं मिला, संचालक ने बताया कि पंजीयन के लिए आवेदन दिया गया है और प्रक्रिया में है। पंजीयन होते ही अस्पताल शुरू किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के जारी आदेश के अनुसार अमन अस्पताल नर्सिंग होम पंजीयन और लाइसेंस प्राप्त किए बिना संचालित किया जा रहा था। आदेश में स्पष्ट था कि अस्पताल को पूर्ण रूप से सील किया जाए और यदि कोई मरीज मिले तो उसे तुरंत शासकीय चिकित्सालय में इलाज के लिए भेजा जाए। इसके बावजूद टीम का रुख बदलने पर सवाल उठ रहे हैं कि ऊपरी विभाग के आदेश के बावजूद अचानक निर्णय कैसे बदला। पुष्पेंद्र जामले ने कहा कि वे जांच करने आए थे, अस्पताल अभी शुरू नहीं हुआ है। शिकायत मिली थी, जांच की गई, कोई मरीज नहीं मिला। संचालक ने पंजीयन आवेदन देने की बात कही है। इस बीच क्षेत्र में कई झोलाछाप डॉक्टर क्रॉस पैथी में काम कर रहे हैं और खुद को डॉक्टर बताकर प्रैक्टिस चला रहे हैं। इलेक्ट्रोपैथी की डिग्री की आड़ में एलोपैथिक दवाइयां देकर मरीजों की जान से खिलवाड़ करने के आरोप हैं। हाल ही में ग्राम पंचायत डवाली के एक नागरिक ने गांव के एक डॉक्टर पर गलत इलाज का आरोप लगाया था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ऐसे फर्जी डॉक्टरों पर अब तक कार्रवाई नहीं कर पाया है।

# वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ ने 17 सूत्रीय मुद्दों पर की चर्चा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

आज दिनांक 3 जून को वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ की 2026 की द्वितीय पीएनएम मंडल मंत्री अभिलाष नागर एवं मंडल अध्यक्ष प्रताप गिरी के नेतृत्व में संपन्न हुई जिसमें कर्मचारी हितों पर मंडल रेल प्रबंधक अश्विनी कुमार एवं सभी ब्रांच अधिकारियों से सकारात्मक चर्चा की गई। सहायक मंडल मंत्री गौरव दुबे ने बताया कि इन मुद्दों पर डीआरएम अश्विनी कुमार से सहमति बनी- सभी विभागों के लंबित पदोन्नति आदेश 30 जून तक जारी करने पर सहमति। रेलवे अस्पताल एवं मंडल कार्यालय रतलाम में केंद्रीकृत आरओ लगाया जायेगा एवं अस्पताल के केजुअल्टी वार्ड में जल्द एसी लगाया जायेगा। दुर्घटना रहित अवार्ड सेवानिवृति समारोह में प्रदान करना । पालनपुर लॉबी से रनिंग स्टाफ को जुलाई- अगस्त में रतलाम के लिए रिलीव कर दिया जायेगा। एलडीसीई परीक्षा का मुद्दा मुखरता से उठाया गया जल्द ही सभी विभागों की लंबित परीक्षा शीघ्र आयोजित की जायेगी। एचआरएमएस संबंधी समस्याओं के लिये हेल्प डेस्क लगाई जायेगी। डाट की पुल का चौड़ीकरण एवं बकरा पुलिया का नवीनीकरण किया जायेगा। चित्तौड़गढ़ में लॉबी के लिये नई बिल्डिंग का निर्माण किया जायेगा। ट्रैकमेनो सहित सभी पात्र कर्मचारियों को 15 जून तक रेनकोट प्रदान किये जायेंगे । सेवानिवृत्ति के उपरांत कर्मचारियों को सेवा पुस्तिका की प्रतिलिपि प्रदान की जायेगी। मंडल के अजनोद में 12 एवं पालिया में 8 नये रेलवे आवासों का निर्माण कार्य मानसून के बाद प्रारंभ होगा । फार्मासिस्ट केटेगरी को ड्रेस अलाउंस के एरियर का भुगतान किया जायेगा। रतलाम मंडल के समस्त स्टेशन अधीक्षको को रेलवे कॉलोनी की नालियों की मानसून पूर्व सफाई के लिए इंप्रेस्ट स्वीकृत किया गया । मंदसौर में श्रीराम मोहन एवं चित्तौड़गढ़ में निजी अस्पताल से अनुबंध किया गया। रेलवे अस्पताल में लिफ्ट लगाने पर सहमति बनी। एमएसीपी प्रकरणों को बिना विलम्ब के समयनुसार किया जायेगा। इंजिनियरिंग विभाग के गेटमैन के लंबित वाटर इंप्रेस्ट के भुगतान की सहमति । रोड साइड स्टेशन के लिए 50 आरओ एवं 55 पॉइंट्समन गुमटी की स्वीकृति।

इस अवसर पर संयुक्त मंडल मंत्री बलराम बढ़गोत्या,सहायक मंडल मंत्री नरेन्द्र सिंह सोलंकी, सीडब्लूसी गौरव संत व लक्ष्मीचंद जाखड़, शाखा सचिव संजय कुमार,दीपक गुप्ता,योगेश यादव, रविराज परिहार, गौरव ठाकुर, अमित चौहान,कमलेश चौधरी, सुशांत कुमार,अमित चौहान,बापी चौधरी,विजय पाटीदार,शाखा अध्यक्ष नरेंद्र सहगल,इमरान खान,अशोक टंडन,रणजीत सिंह एवं ऊषा खिंची उपस्थित रहीं।

## कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को दिया एकजुटता और अनुशासन का मंत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंदसौर आयोजित मंडलम अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस शिविर में पहली बार बड़े राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेताओं ने छोटे कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया। समापन अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरते हुए कहा कि राहुल गांधी एक व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं। कार्यकताओं को नसीहत दी कि वे नेताओं की व्यक्तिगत जय-जयकार करने के बजाय किसान, मजदूर और कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाएं। अब कांग्रेस का संगठन जिलों और मंडलम से चलेगा और चुनाव व्यक्ति विशेष के बजाय संगठन के दम पर लड़ा जाएगा। उन्होंने भाजपा और आरएसएस से लड़ने से पहले कार्यकताओं को अपने अहंकार को छोड़ने की सलाह दी और देश के हालातों, बढ़ती महंगाई पर चिंता व्यक्त की। उपस्थित पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह ने भारत निर्माण में कांग्रेस के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने संविधान सभा में देश के प्रत्येक वर्ग, धर्म और क्षेत्र के लोगों को स्थान देकर संविधान का निर्माण करवाया था ताकि सत्ता का उपयोग जनता के कल्याण के लिए किया जा सके।

## शासकीय आईटीआई मक्सी रोड उज्जैन में सत्र 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू


'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन


उज्जैन स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), मक्सी रोड में सत्र 2026 के लिए विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। संस्था द्वारा इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।संस्था प्रशासन के अनुसार अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर अथवा स्वयं के स्तर पर भी आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं।

प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित किसी भी सहायता के लिए संस्था का हेल्पडेस्क उपलब्ध रहेगा।प्रमुख उपलब्ध ट्रेडसंस्था में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, वेल्डर, मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईओटी स्मार्ट सिटी, स्टेनोग्राफी, कंप्यूटर, प्लंबर, कारपेंटर, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, ड्राफ्ट्समैन सिविल, ड्रेस मेकिंग एवं फैशन टेक्नोलॉजी सहित कई व्यवसायों में प्रशिक्षण उपलब्ध है।विशेष सुविधाएँयहाँ एक वर्षीय एवं द्विवर्षीय पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। संस्था में आधुनिक प्रयोगशालाएँ, अनुभवी प्रशिक्षण अधिकारी एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही दृष्टिबाधित एवं श्रवण बाधित विद्यार्थियों के लिए विशेष कंप्यूटर ट्रेड में प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है।संस्था ने इच्छुक अभ्यर्थियों से समय रहते पंजीयन कराने की अपील की है ताकि वे अपने कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है।

# टाईम पास

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. शमशीर, कृपाण-4
4. उपद्रवी, आतंकी-4
6. अनुबंध, संधि-3
8. धोखा, छल, मक्कारी-3
9. चांदी-3
11. अश्रु-2
13. नीचता-5
15. कुंजी, जिससे ताला खोलते हैं-2
16. पुराना जुकाम-3
18. प्रश्न-3
19. चांदी-3
20. जहां ताजिये दफ्न किए जाते हैं-4
22. बोरिया-बिस्तर-4

**ऊपर से नीचे**

1. झगड़ा, कहासुनी-4
2. संगीत यंत्र-2
3. बहुत बड़ा, विशाल-3
4. अपनत्व, अपनापा-5
5. अनबन, झगड़ा-4
7. कपड़े धोनेवाला-3
10. तहजीबदार-5
12. अकस्मात, सहसा-4
14. दृष्टि, निगाह-3
17. बेमिसाल, अनूठा-4
18. बलवान-3
21. उम्मीद, आशा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | | 33 | | 71 | | 55 | = | 70 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 28 | | 24 | | 50 | | 42 | = | 12 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 45 | | 3 | | 61 | | 10 | = | 66 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 23 | | 3 | | 9 | | 4 | = | 15 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 27 | | 4 | | 73 | | 7 | = | 89 / 1 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग़ु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ़ा | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | छे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | थि |
| प्र | ज | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| ता | ण | अ | सी | बी | जा | ह | कि | भि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | या |
| क | म | ल | ना | थ | जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ब्रा | र | अ | प | श |
| य | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | | 6 | 4 | 7 | |
| | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | |
| 4 | 2 | | 3 | | 1 | 7 |
| | 31 | | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | | 7 | 4 | 3 | | 2 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



### शुभेंदु की बैठक में ममता के करीबी पहुंचे

# 13 दिन में टूटी 28 साल पुरानी टीएमसी :दिल्ली से शुरू हुआ बगावत का खेल, 58 विधायक अलग



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को पार्टी गठन के 28 साल बाद पहली बार टूट का सामना करना पड़ा है। ळटउ के 80 में 58 बागी विधायकों ने बुधवार को ममता बनर्जी की जगह रितब्रत बनर्जी को विधायक दल का नेता चुन लिया। स्पीकर ने इस दावे को मंजूरी भी दे दी।

बगावत का पूरा खेल 22 मई को दिल्ली के बंग भवन में टीएमसी विधायक रितब्रत बनर्जी और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की मुलाकात से शुरू हुआ था। इस एक मुलाकात ने सिर्फ 13 दिनों में पार्टी को दो हिस्सों में बांट दिया। टीएमसी के भीतर जारी राजनीतिक संकट के बीच ममता के करीबी माने जाने वाले कई नेता बुधवार को सीएम शुभेंदु की प्रशासनिक समीक्षा बैठक में शामिल हुए। इनमें कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम, कुणाल घोष, नयना बंद्योपाध्याय और अशोक देब शामिल थे। इस घटनाक्रम ने पार्टी के भीतर चल रही खींचतान को और उजागर कर दिया है। टीएमसी नेता और कोलकाता नगर निगम मेयर फिरहाद हकीम के इस्तीफे को लेकर बुधवार को भ्रम बना रहा। कुणाल घोष ने दावा किया कि ममता बनर्जी ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है, लेकिन रात तक हकीम ने औपचारिक इस्तीफा नहीं दिया। चेयरपर्सन माला रॉय ने भी कहा कि उन्हें कोई इस्तीफा नहीं मिला। सूत्रों के मुताबिक, हकीम अब अपने फैसले पर पुनर्विचार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि सीएम शुभेंदु की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल होने के बाद हकीम का फैसला बदल गया।

### ममता ने 28 साल पहले बनाई थी TMC



- **स्थापना** 1 जनवरी 1998
- **कांग्रेस क्यों छोड़ी:** कांग्रेस नेतृत्व राज्य में लेफ्ट सरकार के खिलाफ प्रभावी लड़ाई नहीं लड़ रहा था। इससे वे नाराज थीं।
- **तृणमूल नाम क्यों रखा:** तृणमूल का मतलब 'जमीन से जुड़ा' होता है। ममता ने इसे आम लोगों और कार्यकर्ताओं की पार्टी के रूप में पेश किया।
- **चुनाव आयोग से मान्यता:** 1998 में मिली। 'घास-फूल' (जुड़वां फूल और घास) चुनाव चिन्ह मिला।
- **पहला चुनाव:** 1998 में लोकसभा।
- **पहला गठबंधन:** 1999 में NDA से किया। ममता अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में रेल मंत्री बनीं।
- **पहला विधानसभा चुनाव:** 2001 में लड़ा। हालांकि लेफ्ट सत्ता में रहा।

## डीके शिवकुमार कर्नाटक सीएम बने, संविधान हाथ में लेकर शपथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान वे हाथ में संविधान रखे हुए थे। उन्हें 30 मई को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था। जी परमेश्वर ने नए डिप्टी चीफ मिनिस्टर पद की शपथ ली। इनके अलावा 12 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें पूर्व सीएम सिद्धारमैया के एमएलसी बेटे यतींद्र सिद्धारमैया भी शामिल हैं।

शिवकुमार, सिद्धारमैया की जगह राज्य की कमान संभालेंगे। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। वे 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे। उधर, बी के हरिप्रसाद कर्नाटक कांग्रेस के नए अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। नई कैबिनेट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक भी शामिल हैं। मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार विधान परिषद और राज्यसभा चुनाव के बाद होने की संभावना है।

शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा केरल, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री और अन्य कांग्रेस नेता शामिल हुए। शपथ ग्रहण से ठीक एक दिन पहले सिद्धारमैया को कांग्रेस कार्य समिति  का सदस्य नियुक्त किया गया।

कर्नाटक में 2023 के विधानसभा चुनाव में सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री पद के दावेदार बनकर उभरे। इसे देखते हुए फॉमूर्ला निकाला गया कि दोनों ढाई-ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री बनेंगे। नवंबर 2025 में सिद्धारमैया के ढाई साल पूरे हो गए, लेकिन वे तब भी सीएम बने रहने पर अड़े रहे। कर्नाटक कांग्रेस से जुड़े सोर्स के मुताबिक तय फॉमूर्ले के हिसाब से दिसंबर 2025 से शिवकुमार को उट पद संभालना था, लेकिन राहुल गांधी समेत पार्टी के सभी सीनियर लीडर केरल में चुनावों की तैयारियों में व्यस्त थे, इसलिए तब ये बदलाव नहीं हो सका।

## अहमदाबाद में 166 बांग्लादेशी पकड़े गए, 300 से ज्यादा हिरासत में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

क्राइम ब्रांच ने अवैध घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शहर के तीन इलाकों से 300 से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लिया है। जांच में 166 बांग्लादेशी पाए गए हैं, जबकि अन्य संदिग्धों के डॉक्यूमेंट्स की जांच की जा रही है।

2 जून की रात चलाए गए अभियान में अहमदाबाद पुलिस और क्राइम ब्रांच ने चंडोला, गुलाबनगर और खोडियारनगर क्षेत्रों में कार्रवाई की थी। हिरासत में लिए गए सभी लोगों को क्राइम ब्रांच कैंपस में रखा गया है। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने बताया कि चंदोला इलाके में लगातार चल रहे अभियानों के कारण बड़ी संख्या में अवैध निवासी एक जगह टिकने से बच रहे हैं। वे पहचान बदलकर शहर के अलग-अलग इलाकों में किराए के मकानों, झुग्गी-झोपड़ियों, होटलों, कामगार आवासों और व्यावसायिक स्थानों में रह रहे हैं। इसलिए पूरे शहर में एक साथ तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अवैध प्रवासियों को पकड़ने की कार्रवाई लंबी चलने वाली है। पूछताछ में कुछ बांग्लादेशियों ने कबूल किया है कि वे यहां कमाए गए पैसे बांग्लादेश में रहने वाले परिवार को कैश में भेजते थे। इसके लिए वे दलालों का सहारा लेते थे। पहले पैसे कोलकाता भेजे जाते थे, वहां से बांग्लादेश पहुंचते थे।




# दिल्ली आग हादसे में 21 की मौत, 11 विदेशी, परिवार के साथ फंसे सीएने फोन पर कहा था- शायद नहीं बच पाएंगे

**दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लोरिश स्टे बी एंड बी होटल में बुधवार सुबह लगी आग ने 21 लोगों की जान ले ली। इस होटल को 6 कमरों की मंजूरी थी, लेकिन 5 मंजिलों पर 25 से अधिक कमरे बना लिए। होटल के पास फायर एनओसी नहीं थी और आने-जाने का एक ही रास्ता था।**

मृतकों में 11 विदेशी और 10 भारतीय हैं। विदेशियों में 9 अफ्रीकी देशों और 2 तुर्कमेनिस्तान के नागरिक हैं। शवों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट होगा। पुलिस ने होटल मालिक लवकेश बजाज को गिरफ्तार कर लिया है। लवकेश और अन्य पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है। आग लगने की वजह का अब तक पता नहीं चला है।

### आग फैली तो लोगों को निकलने का मौका नहीं मिला

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, आग सुबह 8:30 बजे लगी। कुछ मिनट में धुआं पूरी इमारत में फैल गया। ऊपरी मंजिलों पर ठहरे लोगों को निकलने का मौका नहीं मिला। फायर सर्विस, पुलिस व स्थानीय लोगों ने 58 लोगों को बाहर निकाला।



### दिल्ली में मालवीय नगर के होटल फ्लरिश में आग




### हादसा होने की 2 बड़ी वजह

**त्रासदी क्यों:** खिड़कियां बंद थीं। वेंटिलेशन नहीं था। ऐसी इमारतें चिमनी जैसी बन जाती हैं, धुआं-गर्मी कुछ ही सेकंड में ऊपर पहुंच जाती है। जगह काफी सकरी थी।

**इलेक्ट्रिक गेट:** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, सेंसर आधारित मुख्य गेट बंद हो गया था। इसकी वजह से लोग बाहर ही नहीं निकल पाए।



### नए गद्दे लाकर सड़क बिछाए, कई की जान बचाई

फायर ब्रिगेड पहुंचने से पहले स्थानीय लोग बचाव में जुट गए। होटल के सामने कंबल-गद्दे की दुकान चलाने वाले अरमान ने दुकान से सभी नए गद्दे और रजाइयां निकालकर सड़क पर बिछा दीं। अरमान ने कहा, होटल की ऊपरी मंजिल से कई लोग इन्हीं गद्दों पर गिरे, जिससे उनकी जान बचाने में मदद मिली। स्थानीय युवक अफजल, शाहरुख, अनीस, आमिर और वसीम ने लोगों को निकालने में मदद की। कम से कम 10 लोगों को सीपीआर भी दी।

### होटल मालिक ने कहा- मैं नहींः दूसरे लोग संभालते थे काम

गिरफ्तार होटल मालिक लवकेश बजाज ने बताया कि वह खुद होटल की निगरानी नहीं करता था। उसने होटल के मैनेजमेंट, बिलिंग और अकाउंट्स का काम किसी और व्यक्ति को दिया था। उसने यह भी कहा कि होटल में कमरे बड़े करने और अन्य बदलावों की सलाह भी किसी अन्य व्यक्ति ने दी थी। बजाज ने दावा किया कि सलाह देने वाले व्यक्ति ने उससे कहा था- होटल में ये सारे मॉडिफिकेशन नॉर्मल हैं और दिल्ली में सब चलता है।

## एक के ऊपर एक 5-6 गद्दे लगाए, 8 ने कूदकर जान बचाई

होटल के सामने अरमान खान की गद्दे की दुकान है। वे बताते हैं, होटल के ग्राउंड फ्लोर पर भीषण आग लगी थी। न कोई अंदर जा सकता था और न बाहर निकल सकता था। होटल के तीनों फ्लोर पर फंसे लोग खिड़कियों से कूदने की कोशिश कर रहे थे। हमने दुकान से गद्दे निकाले और होटल के पास 5 से 6 गद्दे एक के ऊपर एक करके लगा दिए। करीब 8 लोगों ने खिड़कियों से कूदकर जान बचाई।

तब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग बुझानी शुरू कर दी थी। आग बुझी, तो हम 10-12 लोग होटल के अंदर गए। धुएं में दम घुटने की वजह से अंदर कई लोग बेहोश पड़े थे। उन्हें चादरों में लपेटकर बाहर लाया गया। हमने करीब 40-45 लोगों को निकाला। अंदर जो जैसे बैठा या लेटा था, वैसे ही जलकर खाक हो गया था। पहले फ्लोर से एक महिला हेल्प-हेल्प की आवाज दे रही थी। हम सब कई लोग रेस्क्यू में लगे थे, इसलिए पता नहीं कि महिला बची या नहीं। होटल में गेस्ट के साथ स्टाफ भी था क्या। इस पर अरमान बताते हैं, हमें शुरू में ही स्टाफ के लोग दिखे। फिर वो कहां गए, पता नहीं।

### रिसेप्शन पर बैठी लड़की, उसी हाल में जली मिली

रेस्क्यू में शामिल आमिर खान बताते हैं, ह्यग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर पर भयानक आग लगी थी। बुझने के बाद भी मंजर इतना भयानक था कि कमजोर दिल वाला इंसान अंदर का हाल नहीं देख सकता। अंदर इतना धुआं भरा था कि सांस लेना मुश्किल था। फर्स्ट फ्लोर के रिसेप्शन पर बैठी लड़की, हमें उसी हालत में जली मिली।'

बेसमेंट तक आग नहीं पहुंची थी, इसलिए हम शटर काटकर वहां फंसे लोगों को देखने पहुंचे, लेकिन अंदर बहुत अंधेरा था। हमने बाथरूम और कमरों से लोगों को ढूंढकर निकाला। ज्यादातर बेहोश थे। करीब 20 से 25 लोगों को चादरों के जरिए बाहर लाए। इनमें ज्यादातर विदेशी गेस्ट थे, सिर्फ 3 ही भारतीय थे। इनमें से कई लोगों को सीपीआर देकर हॉस्पिटल भेजा। होटल के पास मेडिकल शॉप चलाने वाले शैलेंद्र तिलक बताते हैं, मैक्स अस्पताल की वजह से इलाके में हमेशा भीड़ रहती है।

## पिता को देखने आए थे, परिवार के 8 लोग मृत

गुरुग्राम के सेक्टर-46 निवासी सीए विवेक अग्रवाल मैक्स अस्पताल में भर्ती पिता का हालचाल लेने आए थे। परिवार इसी होटल में ठहरा था। हादसे में विवेक, पत्नी तर्जनी, मां प्रेमलता, बेटी जीविषा व वार्या, झावेरी, मामा अशोक गोयल तथा मौसी कमला की मौत हो गई। अजमेर निवासी कारोबारी अशोक पंसारी, उनकी बुआ और फूफा की भी अग्निकांड में मौत हो गई। ये मैक्स में भर्ती रिश्तेदार का हालचाल लेने आए थे और इसी होटल में थे।



### हाई कोर्ट ने जनवरी में मांगा था एक्शन प्लान, अब हादसा

दिल्ली हाई कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका में दावा किया गया है कि राजधानी में करीब 1000 लाइसेंसी होटल और गेस्ट हाउस हैं, लेकिन केवल 52 के पास वैध फायर ठडउ है। इस साल 7 जनवरी को कोर्ट ने दिल्ली सरकार, एमसीडी और एनडीएमसी को फायर सेफ्टी पर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया था।



### दिल्ली होटल अग्निकांड में राजस्थान के 3 लोगों की मौत

दिल्ली के मालवीय नगर के फ्लरिश स्टे होटल में लगी आग में राजस्थान के भी तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में मार्बल कारोबारी, रिटायर्ड बैंक अधिकारी और उनकी पत्नी शामिल हैं।

अजमेर के गुलाब बाड़ी निवासी जवरी लाल अग्रवाल (70) पत्नी कमला अग्रवाल (68) के साथ मंगलवार शाम 7 बजे अजमेर से किशनगढ़ गए। फिर किशनगढ़ से दिल्ली गए थे। किशनगढ़ की लक्ष्मीनारायण कॉलोनी निवासी मार्बल व्यापारी अशोक पंसारी भी उनके साथ थे। पड़ोसी और दोस्त राजेंद्र प्रसाद ने बताया- जवरी लाल और कमला अग्रवाल रिश्तेदारों के साथ हॉस्पिटल में भर्ती जानकार से मिलने दिल्ली गए थे। वे दिल्ली के फ्लरिश स्टे होटल में रुके थे। हादसे में उनकी मौत हो गई। राजेंद्र प्रसाद ने बताया- कमला अग्रवाल का 1 जून को जन्मदिन था।



## सुभाषितानि

वाक्सायका वदनान्निष्पतन्ति यैराहतः शोचन्ति रात्र्यहानि।
परस्य नामर्मसु ते पतन्ति तान् पण्डितो नावसृजेत परेषु॥

**भावार्थ** : कठोर वचन रूपी बाण दुर्जन लोगों के मुख से निकलते ही हैं, और उनसे आहत होकर अन्य जन रातदिन शोक एवं चिंता के घिर जाते हैं। स्मरण रहे कि ये वाग्वाण दूसरे के अमर्म यानी संवेदनाशून्य अंग पर नहीं गिरते, अतः समझदार व्यक्ति ऐसे वचन दूसरों के प्रति न बोले।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 04 जून, 2026

न दैवमपि सञ्चित्य त्यजेदुद्योगमात्मनः।
अनुद्योगेन कस्तैलं तिलेभ्यः प्राप्तुमर्हति॥

**भावार्थ** : दैव यानी भाग्य का विचार करके व्यक्ति को कार्य-संपादन का अपना प्रयास त्याग नहीं देना चाहिए। भला समुचित प्रयास के बिना कौन तिलों से तेल प्राप्त कर सकता है?

## अनुरक्षणप्रोटोकॉलस्य च अधिकं सुदृढीकरणं भविष्यति इति

ब्रह्मास्त्र ›› अहमदाबाद

एतेषां घटनानां पश्चात् मेट्रो प्रशासनेन यात्रिकाणां असुविधायाः विषये खेदः प्रकटितः अस्ति। भविष्ये एतादृशघटनानां निवारणाय तकनीकीनिगरानीयानां, अनुरक्षणप्रोटोकॉलस्य च अधिकं सुदृढीकरणं भविष्यति इति अधिकारिणः अवदन्। तदतिरिक्तं मानसूनऋतौ यात्रिकाणां कृते किमपि कष्टं न भवति इति सुनिश्चित्य सर्वेषु एसी-यूनिट्-आदिषु तकनीकी-उपकरणेषु अतिरिक्त-निरीक्षणं क्रियते। पुणे मेट्रो देशस्य आधुनिकनगरीयपरिवहनपरियोजनासु स्थानं प्राप्नोति, तस्य उपयोगः प्रतिदिनं सहस्राणि यात्रिकाः कुर्वन्ति। एतत् सन्दर्भं दृष्ट्वा सामाजिकमाध्यमेषु यः भिडियो वायरल् अभवत् सः अवश्यमेव जनस्य ध्यानं आकर्षितवान्; तथापि आधिकारिकवक्तव्ये स्पष्टीकृतं यत् एतस्मिन् घटनायां संरचनात्मकदोषः न आसीत्।

## सम्पादकीयम्

### युद्धस्य लूटम्ः

युद्धस्य लूटम्ः सैन्यसङ्घर्षात् यत् किमपि लाभं प्राप्तुं शक्यते स्म तत् उभयपक्षेण पूर्वमेव निष्कासितम् अस्ति। अमेरिकीदेशेन येषां उद्देश्यानां कृते अयं संघर्षः आरब्धः, ते अद्यापि दुर्गमाः सन्ति, वाशिङ्गटनं च एतानि लक्ष्याणि युद्धद्वारा प्राप्तुं न शक्यन्ते इति स्वीकुर्वति तथैव इरान् अपि सम्भवतः अवगच्छति यत सः केवलं ट्रम्पस्य हठं निश्चितपर्यन्तं मोचयितुं शक्नोति। एतेषु परिस्थितिषु एकः एव मार्गः अवशिष्टः अस्ति- शान्तिः। अन्तर्राष्ट्रीयऊर्जासंस्थायाः तैलस्य प्राकृतिकवायुस्य च विषये चेतावनी-विशेषतः यत् २०२७ तमवर्षपर्यन्तं आपूर्तिः सामान्यस्तरं प्रति न आगमिष्यति-सङ्घर्षस्य गम्भीरपरिणामानां केवलं एकं पक्षं प्रतिनिधियति। दीर्घकालं यावत् स्थापनं वैश्विकमन्दतां प्रेरयितुं शक्नोति-यस्य संकटस्य कृते सामान्यजनाः अन्ततः सर्वाधिकं मूल्यं ददति। इराणस्य हुर्मुज जलसन्धिं सर्वेषां वाणिज्यिकपोतानां कृते उद्घाटयितुं निर्णयेन वैश्विकव्यापारे महती राहतं प्राप्तम्। एतेन अमेरिका-ईरान-तनावस्य न्यूनीकरणस्य, कूटनीतिक-सम्झौतेः सम्भावनायाः च आशाः वर्धिताः। इजरायल-लेबनान-देशयोः युद्धविरामः, तैलस्य पुनः प्रेषणस्य आरम्भः च सकारात्मकं वातावरणं पोषितवान्। परन्तु संघर्षेण कृतक्षतिकारणात् अद्यापि तैलस्य उत्पादनं सामान्यस्तरं प्राप्तुं किञ्चित् समयः स्यात्। होर्मुज् जलसन्धिः इरान्-देशस्य निर्णयः यत् होर्मुज्-जलसन्धिं सर्वेभ्यः वाणिज्यिक-पोतेभ्यः पूर्णतया उद्घाटयितुं शक्नोति।

एनटीए इत्यस्य प्रमुखघोषणा : नीट-यूजी इत्यस्य

## अभ्यर्थिनः परीक्षायां उपस्थितस्य द्वितीयं अवसरं प्राप्नुवन्ति




ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

साधारणविश्वविद्यालयप्रवेशपरीक्षायाः 2026 इत्यस्य समये देशस्य अनेकपरीक्षाकेन्द्रेषु तकनीकीदोषाणां सूचनानां अनन्तरं राष्ट्रियपरीक्षासंस्थायाः प्रभावितानां अभ्यर्थीनां कृते राहतं दातुं निर्णयः कृतः। एनटीए इत्यनेन घोषितं यत् येषां अभ्यर्थीनां परीक्षा तान्त्रिककारणात् सम्पन्नं कर्तुं न शक्यते स्म, तेषां कृते पुनः परीक्षां दातुं अवसरः प्रदत्तः भविष्यति। एजन्सी इत्यनेन एतत् विशेषं एककालिकं च व्यवस्था इति वर्णितम् अस्ति।

नीट-यूजी परीक्षायां देशस्य विभिन्नेषु परीक्षाकेन्द्रेषु तकनीकीविषयाः उद्भूताः। परीक्षासञ्चालनस्य उत्तरदायी सेवाप्रदातृणां-टाटा परामर्शसेवानां-तकनीकीदोषाणां सूचना दत्तस्य अनन्तरं अनेककेन्द्रेषु परीक्षाः समये एव आरभ्यतुं न शक्तवन्तः। फलतः सहस्राणि अभ्यर्थिनः तेषां मातापितरौ च महत्त्वपूर्णा असुविधायाः सामनां कृतवन्तः। अनेके छात्राः अपि परीक्षायां विलम्बं, परीक्षाकेन्द्रेषु प्रदत्तानां सूचनानां अभावं च विषये शिकायतां दातुं ह्यह्म इति सामाजिकमाध्यममञ्चं प्रति गतवन्तः।

एनटीए इत्यनेन स्वस्य आधिकारिकवक्तव्ये स्वीकृतं यत केचन अभ्यर्थिनः तान्त्रिकविघटनकारणात् कष्टानि अनुभवन्ति। एजेन्सी इत्यनेन उक्तं यत् ये अभ्यर्थिनः ३० मे दिनाङ्के प्रथमपालिकायां परीक्षाकेन्द्रेषु आगताः-तथा च स्वस्य बायोमेट्रिकपञ्जीकरणं सम्पन्नवन्तः-किन्तु तान्त्रिकविषयाणां कारणेन परीक्षां सम्पन्नं कर्तुं असमर्थाः, तेषां पुनः परीक्षां दातुं अवसरः प्रदत्तः भविष्यति।

एजन्सी इत्यस्य अनुसारं राष्ट्रव्यापिरूपेण ५३३ केन्द्रेषु १२ विषयाणां परीक्षाः कृताः, येषु प्रायः ७३,००० अभ्यर्थिनः सम्मिलिताः आसन्। एतेषु प्रायः ९५ प्रतिशताः अभ्यर्थिनः परीक्षां सफलतया सम्पन्नवन्तः। परन्तु प्रायः ५ प्रतिशतं-विशेषतः ३,७६५ अभ्यर्थिनः-तांत्रिकदोषाणां अनन्तरं परीक्षायाः पुनः आरम्भस्य प्रतीक्षां न कृत्वा केन्द्राणि त्यक्तवन्तः। एतेषां सर्वेषां ३७६५ अभ्यर्थीनां पुनः परीक्षा भविष्यति इति एनटीए स्पष्टीकृतवान्। एनटीए-नगरस्य एकः वरिष्ठः अधिकारी अवदत् यत् परीक्षायाः समये सम्मुखीभूतानां तकनीकीविषयाणां समाधानं कृतम्, प्रभावितकेन्द्रेषु अभ्यर्थीनां कृते पूर्णं क्षतिपूर्तिसमयः प्रदत्तः यत् कस्यापि छात्रस्य किमपि हानिः न भवति इति सुनिश्चितं भवति। प्रातःपालिकायां उपस्थितानां अभ्यर्थीनां प्रश्नपत्रस्य प्रयासाय पूर्णः निर्धारितः समयः आवंटितः आसीत्, परीक्षायाः समाप्तिपर्यन्तं परीक्षाकेन्द्रस्य अन्तः एव स्थातुं अनुमतिः आसीत्। तान्त्रिकदोषस्य कारणात् अपराह्णसत्रस्य समयसूचनायाः अपि संशोधनं कर्तव्यम् आसीत्।

बोर्डस्य आँकडानुसारं

## मूल्याङ्कितेषु प्रायः ९८ लक्षं उत्तरपत्रेषु ६८,००० तः अधिकानि

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

इदानीं सीबीएसई-संस्थायाः पर्दा-चिह्न-व्यवस्थायाः विषये छात्राणां अभिभावकानां च शिकायतां अपि चचार्याः विषयः अभवत्। बोर्डस्य आँकडानुसारं मूल्याङ्कितेषु प्रायः ९८ लक्षं उत्तरपत्रेषु ६८,००० तः अधिकानि प्रतिकृतयः स्कैन् गुणवत्तायाः दुर्बलतायाः कारणात् पुनः स्कैनिङ्गं कर्तव्यम् आसीत् अपि च, १३,००० तः अधिकेषु उत्तरपत्रेषु हस्तसत्यापनस्य आवश्यकता आसीत्। केचन छात्राः अशुद्धोत्तरपत्राणां प्राप्तेः, स्कैनिङ्गप्रक्रियायां त्रुटयः च इति शिकायतां अपि दातवन्तः।

एषः विवादः तस्मिन् काले उत्पन्नः यदा देशस्य परीक्षा...परीक्षाव्यवस्था पूर्वमेव अनेकैः आव्हानैः सह ग्रस्ता अस्ति। अन्तिमेषु मासेषु विभिन्नानां राष्ट्रियपरीक्षाणां विषये उत्थापिताः प्रश्नाः-तकनीकी-दोषैः सह-छात्राणां अभिभावकानां च चिन्ता अधिकाः अभवन् अस्याः पृष्ठभूमितः एकेन विद्यालयस्य छात्रेण कृतेन अन्वेषणेन सम्पूर्णस्य विषयस्य कृते सर्वथा नूतना दिशा दत्ता अस्ति। सम्प्रति सीबीएसई इत्यनेन पुनर्मूल्यांकनप्रक्रियायाः आरम्भस्य घोषणा कृता, प्रश्ने विषयेषु समीक्षा क्रियते च। इदानीं सर्वकारेण बोर्डेन च आश्वासनं दत्तं यत् यदि किमपि न्यूनतां ज्ञायते तर्हि समुचितं कार्यवाही भविष्यति। परन्तु १७ वर्षीयस्य छात्रस्य ब्लोग इत्यनेन यथा राष्ट्रियविमर्शः प्रवृत्तः, तत् प्रमाणरूपेण कार्यं करोति यत्, अङ्कीययुगे तथ्यात्मकजिज्ञासायाः अनुसरणं, उत्तरदायित्वस्य माङ्गल्यं च केवलं बृहत्संस्थासु एव सीमितं नास्ति।

## राशिफल

**मेष** : मेष राशि वालों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। इस समय रिश्तों में चुनौतियों का सामना करना पड़.सकता है।

**वृषभ** : वृषभ राशि के जातक परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। यात्रा के योग बन रहे हैं। अपनों का साथ मिलेगा। करीबी मित्र से

**मिथुन** : आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आएगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क** : कर्क राशि वालों को आज करियर से जुड़े नए अवसरों की प्राप्ति हो सकती है। घर में प्यार और शांति का माहौल रहेगा।

**सिंह** : सिंह राशि के लिए आज का दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें।

**कन्या** : कन्या राशि वालों को आज अटका हुआ धन वापस मिल सकता है, जिससे आर्थिक स्थिरता मिल सकती है।

**तुला** : आज का दिन शुभ समाचार ला सकता है। आज अपनी फीलिंग्स को जाहिर करने के लिए दिन अनुकूल रहने वाला है।

**वृश्चिक** : आज का दिन अच्छा रहने वाला है। सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा, जिसे महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में लगाएंगे।

**धनु** : धनु राशि वालों के लिए आज का दिन जीवन के कई पहलुओं में परेशानी ला सकता है।

**मकर** : मकर राशि वालों के लिए आज का दिन कार्यों में सफलता दिलाएगा। परिवार से जुड़ी परेशानी खत्म हो सकती है।

**कुंभ** : कुंभ राशि के लिए आज का दिन चुनौतियां ला सकता है। धन की स्थिति अस्थिर रह सकती है।

**मीन** : मीन राशि वालों के लिए आज का दिन शुभ रहने वाला है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संबंधों में खुशियां आएंगी।

करिश्मा कपूरः कोलकातानगरस्य अन्धकारगलीषु एकस्य

## धारावाहिकहत्यारस्य शिकारं करोति, ब्राउन ट्रेलर रिलीज

ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई



बालिवुड्-अभिनेत्री करिश्मा कपूरः स्वस्य आगामि-जाल-श्रृङ्खलायाः ब्राउन्-इत्यस्य माध्यमेन सम्पूर्णतया विशिष्टेन तीव्र-अवतारेन प्रेक्षकाणां समक्षं प्रकटितुं निश्चिता अस्ति। शनिवासरे प्रदर्शितस्य अस्य मनोवैज्ञानिक-अपराध-रोमाञ्चकस्य ट्रेलरेण दर्शकानां जिज्ञासा वर्धिता अस्ति। कोलकाता-नगरस्य पृष्ठभूमितः स्थापिता एषा श्रृङ्खला अपराधः, मनोवैज्ञानिकसङ्घर्षः, अपराधबोधः, मानवसम्बन्धानां जटिलता च विषयान् परितः निर्मितः अस्ति ट्रेलरे करिश्मा कपूरः एकस्य भग्नस्य पुलिस-अधिकारिणः चित्रणं कुर्वती दृश्यते-मद्यव्यसनेन सह युद्धं कुर्वन् व्यक्तिगत-आघातेन च व्याप्तः-यः खतरनाकस्य धारावाहिकहत्यारस्य मृगयायां वर्तते।

ब्राउन् इत्यस्मिन् करिश्मा कपूरः रीता ब्राउन् नामकस्य पुलिस-अधिकारिणः भूमिकां निर्वहति। एकदा स्वविभागस्य अन्तः तीक्ष्णः गतिशीलः च अधिकारी रीता व्यक्तिगतव्यावसायिकविघ्नानाम् एकां श्रृङ्खलां अनुसृत्य समाजात् व्यवस्थायाः च सर्वथा निवृत्ता अस्ति कथा नूतनं मोडं गृह्णाति यदा एकस्य प्रभावशालिनः व्यापारिणः पुत्रीयाः हत्या भवति, येन रीता प्रकरणस्य अन्वेषणार्थं सक्रियकर्तव्ये पुनः गन्तुं बाध्यते अन्वेषणकाले सा निरीक्षकेन अर्जुनसिन्हा इत्यनेन सह मार्गं लङ्घयति, यः स्वयमेव व्यक्तिगतदुःखदघटनाभिः अपराधबोधेन च ग्रस्तः अस्ति। मिलित्वा एतौ द्वौ एकस्य धारावाहिकहत्यारस्य अनुसरणं करोति यस्य विकृतविचारधारा न्यायस्य, दण्डस्य, नैतिकतायाः च खतरनाकव्याख्यानेषु मूलभूतः अस्ति।

श्रृङ्खलायाः आख्यानं केवलं अपराधिकरहस्यसमाधानं यावत् सीमितं नास्ति; तस्य केन्द्रपात्राः ये मनोवैज्ञानिकाः भावनात्मकाः च व्रणाः सहन्ते तेषां विषये अपि गहनतया गच्छति। अन्वेषणं यथा यथा प्रगच्छति तथा तथा उभौ पुलिस-अधिकारिणः स्वस्य अतीतानां, अपराधबोधस्य, गहनतमानां, गुप्तभयानां च सम्मुखीकरणाय बाध्यौ भवतः। ट्रेलरे प्रदर्शितानि दृश्यानि सूचयन्ति यत् ब्राउन् पारम्परिकः रोमाञ्चकारी नास्ति, अपितु मानवमनोविज्ञानस्य गभीरताम् प्लम्बयति इति कथा अस्ति।

स्वस्य भूमिकायाः विषये वदन्त्याः करिश्मा कपूरः अवदत् यत् रीता ब्राउनः स्वस्य करियरस्य अत्यन्तं चुनौतीपूर्णेषु भावनात्मकरूपेण जटिलेषु च पात्रेषु अन्यतमः अस्ति। तस्याः मते एषा कथा युगपत् दुर्बलबलबलयोः स्त्रियाः। सा जीवनसङ्घर्षैः भग्नवती अस्ति तथापि सा अद्यापि अग्रे गन्तुं साहसं धारयति। करिश्मा कथयति यत अस्य पात्रस्य भावनात्मकं प्रामाणिकता, यथार्थता च एव तस्याः मनसि सर्वाधिकं आकर्षितवती।

श्रृङ्खलायाः निर्देशकः अभिनय देवः अवदत् यत् ब्राउन् इत्यस्य निमार्णं विशिष्टं अपराध-रोमाञ्चकं चलच्चित्रं न कृतम् अस्ति। भग्नानाम् परन्तु स्वस्य अन्तः अर्थं मोचनं च इच्छन्तः व्यक्तिनां कथा अस्ति। तस्य मते आख्याने न्यायस्य, नैतिकतायाः, मानवीयदुर्बलतायाः च विषयान् अन्वेषयति यत् प्रेक्षकान् निरन्तरं चिन्तयितुं बाध्यं करिष्यति।

वीजानां प्रायोजकत्वस्य च विषये पूवार्पेक्षया

## विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् वर्धमानः आर्थिक-अनिश्चितता, टेक-कम्पनीनां अन्तः परिच्छेदः

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन




एकः उपयोक्ता टिप्पणीं कृतवान् यत् यदि कश्चन १५०० आवेदनपत्राणि प्रस्तूय एकं अपि आह्वानं न प्राप्तवान् तर्हि तस्य तात्पर्यं भवति यत् विपण्यं तेषां कौशलसमूहस्य मूल्यं न ददाति। अन्यः उपयोक्ता टिप्पणीं कृतवान् यत् एच्-१ बी वीजाधारकाणां नियुक्तिः सम्प्रति स्थगितम् अस्ति, येन सूचितं यत् एतादृशे परिदृश्ये गृहं प्रत्यागन्तुं उत्तमः विकल्पः भवितुम् अर्हति इति। अनेके अपि तर्कयन्ति स्म यत् आँकडा-इञ्जिनीयरिङ्ग-क्षेत्रं संतृप्ति-बिन्दुं प्राप्तवान्, यतः अस्मिन् एव क्षेत्रे अन्तर्राष्ट्रीय-छात्राः व्यावसायिकाः च बहूनां सङ्ख्यां करियर-निर्माणं कर्तुं प्रयतन्ते।

अस्मिन् विषये अमेरिकादेशे एच्-१ बी वीजाकार्यक्रमस्य स्थितिं परितः वादविवादः अपि तीव्रः अभवत्। अन्तिमेषु वर्षेषु अमेरिकीप्रशासनेन एच्-१ बी वीजानां वैकल्पिक व्यावहारिकप्रशिक्षणस्य च सम्बद्धानां कथितानां दुरुपयोगानाम्, धोखाधड़ीनां च निवारणाय अनेकाः कठोरपरिहाराः कार्यान्विताः सन्ति फलतः विदेशीयकर्मचारिणां नियुक्तेः, वीजानां प्रायोजकत्वस्य च विषये पूर्वापेक्षया दूरतरं कम्पनयः सावधानाः अभवन्। विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् वर्धमानः आर्थिक-अनिश्चितता, टेक-कम्पनीनां अन्तः परिच्छेदः, कार्य-बाजारे तीव्र-प्रतिस्पर्धा च विदेशीय-व्यावसायिकानां कृते परिस्थितयः अधिकं चुनौतीपूर्णाः अभवन्। उद्योगस्य अन्तःस्थजनाः टिप्पणीं कुर्वन्ति यत् महामारी-उत्तरवर्षेषु टेक-क्षेत्रे दृष्टा नियुक्ति-उत्साहः अधुना महतीं मन्दतां प्राप्तवान् अस्ति। अनेकाः प्रमुखाः कम्पनयः व्ययस्य कटौतीं कर्तुं स्वकार्यबलस्य आकारं न्यूनीकृतवन्तः, नूतननियुक्तौ प्रतिबन्धं च स्थापितवन्तः। एतादृशे वातावरणे वीजाप्रायोजकत्वस्य आवश्यकतां विद्यमानानाम् अभ्यर्थीनां कृते अतिरिक्तबाधाः सन्ति, यतः कम्पनयः तान् अभ्यर्थिनः प्राथमिकताम् अददात् येषां अतिरिक्तकानूनी-प्रशासनिक-औपचारिकताः न सन्ति।

एच्-१ बी वीजाधारकाणां कृते केवलं तान्त्रिककौशलं पर्याप्तं नास्ति इति अपि विशेषज्ञाः वदन्ति।

### ज्योतिष/वास्तु

## 7 जून को बनने वाला है विष्कुंभ योग, वृषभ समेत इन 3 राशियों के लिए चुनौतीपूर्ण रहेगा समय

7 जून 2026 को एक बार फिर विष्कुंभ योग बनने जा रहा है, जिसका प्रभाव कुछ राशियों के लिए कठिन समय का संकेत दे सकता है। इस दौरान 3 राशियों के जातकों को विशेष रूप से सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। आइए जानते हैं विष्कुंभ योग के बनने का समय और इसके संभावित प्रभाव के बारे में विस्तार से।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रहों और नक्षत्रों की स्थिति से समय-समय पर विष्कुंभ योग का निर्माण होता है, जिसे आमतौर पर चुनौतीपूर्ण और अशुभ प्रभाव देने वाला योग माना जाता है। इस बार द्रिक पंचांग के अनुसार 7 जून 2026 की सुबह 10 बजकर 2 मिनट से यह योग शुरू होकर 8 जून 2026 की सुबह 9 बजकर 28 मिनट तक प्रभावी



रहेगा। इस दौरान कुछ राशियों को स्वास्थ्य, आय और पारिवारिक जीवन में तनाव जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं किन 3 राशियों पर इस विष्कुंभ योग का सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकता है।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह समय कुछ चुनौतियां लेकर आ सकता है। इस अवधि में घर के साथ मिलकर कोई नया काम शुरू करना उचित नहीं माना जा रहा है, क्योंकि इसमें आर्थिक नुकसान की संभावना बन सकती है। नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल पर नई साझेदारी या प्रोजेक्ट में सावधानी बरतने की जरूरत है, वरना परेशानी हो सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मतभेद या असंतोष की स्थिति भी बन सकती है, जिससे कार्यस्थल का माहौल तनावपूर्ण रह सकता है। परिवार में बुजुर्गों की सेहत को लेकर चिंता बढ़ सकती है और उन्हें विशेष देखभाल की आवश्यकता होगी।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए यह समय स्वास्थ्य और कार्यक्षेत्र दोनों ही मामलों में थोड़ा तनावपूर्ण रह सकता है। बीमार व्यक्तियों की सेहत में सुधार धीमा रह सकता है, जिससे मानसिक चिंता बढ़ सकती है। नौकरीपेशा लोगों को अपने काम में अतिरिक्त सावधानी रखने की आवश्यकता होगी, क्योंकि छोटी गलती भी बड़ी समस्या का कारण बन सकती है। मित्रों या सहकर्मियों के साथ संबंधों में तनाव उत्पन्न हो सकता है, जिससे मनमुटाव की स्थिति बन सकती है। लंबी दूरी की यात्रा इस समय लाभ देने के बजाय थकान और असुविधा का कारण बन सकती है।

**मकर राशि -** मकर राशि के जातकों के लिए यह समय कुछ आर्थिक और पारिवारिक चुनौतियां लेकर आ सकता है। करियर में अपेक्षित सफलता न मिलने से मन निराश रह सकता है। इस दौरान किसी भी प्रकार का कर्ज लेने का निर्णय सोच-समझकर लें, क्योंकि यह आगे चलकर परेशानी का कारण बन सकता है। आर्थिक स्थिति में अस्थिरता बनी रह सकती है और खर्च बढ़ सकते हैं। पड़ोसियों या परिवार के साथ किसी बात को लेकर विवाद की स्थिति बन सकती है, जिससे घर का माहौल तनावपूर्ण रह सकता है। स्वास्थ्य के मामले में भी सावधानी बरतना आवश्यक है क्योंकि सुधार धीमा रह सकता है।

## खबर एक नजर...

### सात माह बाद खाते में आई ऑनलाइन ठगी की राशि

**उज्जैन।** टेलिग्राम पर मिली लिंक को क्लीक करने के बाद मुनाफा मिलने के लालच में तराना तहसील के ग्राम खाकरीपुरा में रहने वाले जितेन्द्र पिता रूपचंद्र सोनी के साथ ऑनलाइन 54 हजार की ऑनलाइन ठगी हो गई थी। 14 अक्टूबर 2025 को जितेन्द्र ने अपने साथ हुई ठगी की शिकायत सायबर हेल्पलाइन 1930 पर दर्ज कराई थी। जहां से मामला पुलिस के पास पहुंचा था। पुलिस ने बैंक से समन्वय स्थापित की ठगी की राशि का होल्ड कराया था। ठगे गये 54 हजार में से 30 हजार का ट्रांजेक्शन उड़ीसा की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते में हुआ था। जिसे पुलिस ने सात माह बाद फरियादी जितेन्द्र सोनी के खाते में पुनः ट्रांसफर करा दिया। शेष राशि सायबर ठगों ने निकाल ली थी। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक महेश पटेज और आरक्षक आनंद की भूमिका रही। पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि सायबर अपराधों से बचाव के लिये जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। किसी भी प्रकार के लालच, फर्जी लिंक, अनजान कॉल और ओटीपी को साझा करने से बचें। यदि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होती है तो तत्काल सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

### राजस्थान के दंपति की आगररोड पर फिसली बाइक

**उज्जैन।** राजस्थान के प्रतापगढ़ से बुधवार को बाइक पर सवार होकर बेटी के ससुराल इंगोरिया के ग्राम बनड़ा आ रहे माता-पिता जगदीश पिता केसूराम 60 साल और कन्याबा 55 साल आगररोड पर बाइक फिसलने से गंभीर घायल हो गये। घट्टिया तहसील में हुई घटना के बाद दोनों पति-पत्नी को एम्बुलेंस की मदद से चरक अस्पताल लाया गया। जगदीश को गंभीर चोंट लगी थी, मामले की सूचना परिजनों को दी गई। इंगोरिया से बेटी दामाद उज्जैन पहुंच गये थे, वहीं राजस्थान से परिवार के अन्य सदस्य शाम को उज्जैन पहुंचे। बाइक फिसलने की वजह तेजगति होना बताया जा रहा है।

### गरोठ ब्रिज के पास बेसुध हालत में मिला मैकेनिक

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के गरोठ ब्रिज के पास बेसुध हालत में पड़े युवक की सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंची। युवक ने जहरीला पदार्थ खाया था, जिसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने आईसीयू में भर्ती किया। उसके पास मिले दस्तवेजों से सामने आया कि इंगोरिया के ग्राम रणावा का रहने वाला राहुल पिता भैरूलाल चौहान 33 साल है। पंवासा थाना पुलिस को अस्पताल से सूचना मिली तो बयान दर्ज करने पहुंची, लेकिन हालत नाजुक होने पर बयान दर्ज नहीं हो पाये। दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के आने पर पता चला कि नानाखेड़ा क्षेत्र में मैकेनिक का काम करता है। परिजन उसके जहरीला पदार्थ खाने का कारण नहीं बता पाये। पंवासा थाना पुलिस राहुल की हालत में सुधार आने पर बयान दर्ज करेगी।

### बाइक सावर ने 2 नाबालिग बहनों को मारी टक्कर

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के नवलखी पार्क श्री सिंथेटिक्स चौराहा के पास रहने वाली 2 नाबालिग बहनें मुस्कान पिता संतोष कुमार प्रजापति 15 साल और राशि पिता संतोष कुमार प्रजापति पैदल पाटपाला पेट्रोलपंप के पास खड़ी थी। उसी दौरान तेजगति से आये बाइक चालक ने दोनों को टक्कर मार दी। दोनों बहनें घायल हो गई। जिन्हे उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। पंवासा थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मामला जांच में लिया। बाइक चालक राहुल पिता कैलाश सोनगरा निवासी ग्राम उमरिया जागीर होना सामने आया। जिसके खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### अवैध शराब और चाकू के साथ 2 को पुलिस ने पकड़ा

**उज्जैन।** झारड़ा थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर ग्राम रणायरापीर दरबार दा ढाबा के पास से हाथ भट्टी से बनी शराब के साथ मेहरबानसिंह सौंधिया को गिरफ्तार किया। उसके पास से प्लास्टिक की केन में भरी 3 लीटर से अधिक शराब शराब बरामद की गई। मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं चिमनगंज थाना पुलिस ने कानीपुरा रोड मल्टी के पास चाकू लेकर घूम रहे सावन नामक युवक को सूचना मिलने घेराबंदी कर पकड़ा। एसआई राजाराम चौहान ने बताया कि चाकू के साथ हिरासत में आया युवक अपराधिक प्रवृति का है। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है।

### उधार रुपए मांगे तो लोहे के सरिये से किया हमला

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम पालखंदा में रहने वाले प्रताप पिता अम्बाराम धानक ने कुछ समय पहले ग्राम में रहने वाले बंटी को रुपए उधार दिये थे। बीती शाम बंटी अपने घर का काम करवा रहा था। उसी दौरान प्रताप ने उसे देखा तो उधार दिये रुपए लौटाने की बात कहीं। बंटी ने विवाद शुरू कर दिया और मकान का काम कर रहे मिस्त्री प्रहलाद के साथ मिलकर लोहे के सरिये प्रताप पर हमला कर दिया। नरवर पुलिस ने घायल प्रताप की शिकायत पर बंटी और प्रहलाद के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 139-3 | 380-1 |
| मेन बाजार | 245-1 | 228-2 |
| मिलन डे | 346-3 | 450-9 |
| मिलन नाइट | 467-7 | 257-4 |

1 5 9

---


#### गुजरात के गोधरा से हिरासत में आया शातिर आरोपी

# डीजीपी का रिश्तेदार बन नौकरी के नाम पर ठगे थे 25 लाख

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पुलिस विभाग के डीजीपी का रिश्तेदार बताकर नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला गुजरात के गोधरा से पुलिस की हिरासत में आया गया। जिसे पूछताछ के लिये 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। आरोपी की राजस्थान में भी ठगी को अंजाम दे चुका है।

चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम तलोद में रहने वाले फतेहसिंह पिता भैरूसिंह ने पिछले माह महिदपुर थाना पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था कि बालूसिंह पिता भेरूसिंह चौहान निवासी झारखेड़ी द्वारा वन विभाग में नौकरी दिलाने के नाम उसके और गांव के अन्य युवकों के साथ 25 लाख से अधिक की धोखाधड़ी की गई है। बालूसिंह खुद को डीजीपी का रिश्तेदार बता रहा था। महिदपुर पुलिस ने आवेदन की जांच शुरू पूरी कर 15 मई को धारा 420, 120 बी, 294, 506 का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। सायबर टीम के एसआई प्रतिक यादव से बालूसिंह की लोकेशन गुजरात के गोधरा में मिलने पर थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने एसआई अन्नपूर्णा, एएसआई विरेन्द्रप्रतापसिंह, प्रधान आरक्षक जितेन्द्रसिंह, आरक्षक राघवसिंह, मोहरसिंह और डॉ. नारायण की टीम को रवाना किया गया। जहां दबिश देकर बालूसिंह को हिरासत में लिया गया और महिदपुर लाया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान ठगी में उसके दो साथी जितेन्द्र पिता सत्यनारायण बैरागी निवासी अम्बेडकर कॉलोनी उज्जैन और लखन पिता सौदानसिंह, निवासी देवास नाका विजय नगर इंदौर के नाम सामने आये। जिनकी गिरफ्तारी के लिये टीम रवाना की गई है।



**राजस्थान में कर चुका था धोखाधड़ी-** थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि आरोपी के गिरफ्त में आने पर सामने आया कि उसके द्वारा राजस्थान के जयपुर में भी कई लोगों के साथ धोखाधड़ी की है। जयपुर के युवकों द्वारा भी उसकी शिकायत दर्ज कराई जा रही है। यहीं नहीं बालूसिंह का पुराना अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर सामने आया कि वह पूर्व में हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी, जालसाजी, षडयंत्र सहित 6 अपरधों महिदपुर और आलोट में दर्ज है।

#### 2022 में बुलाया था चाय की दुकान पर

नौकरी के नाम पर ठगी की शिकायत करने वाले फतेहसिंह ने अपनी शिकायत में बताया था कि बालूसिंह चौहान से वर्ष 2022 में पहचान हुई थी। वन विभाग में कई पद खाली होने पर साथियों के दस्तावेज भी लाने की बात कही। उसकी बातों में आकर गांव के जितेन्द्र चंद्रवंशी, विकास सूर्यवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, बलराम चंद्रवंशी और अन्य उससे मिलने कटन चौराहा चाय की दुकान पर पहुंचे। जहां उसने अलग-अलग पदो के नाम पर 80 हजार से दो लाख रुपए तक लिये।

#### परीक्षा के नाम भोपाल तक लेकर गया

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि सभी युवकों से रुपए और दस्तावेज प्राप्त करने के बाद बालूसिंह उन्हे भोपाल लेकर गया था, जहां परीक्षा कराने की बात कहीं थी। लेकिन एक होटल में ठहरा कर दूसरे दिन वापस ले आया और कहा कि सभी का नाम लिस्ट में आ जायेगा। काफी समय तक नौकरी नहीं मिली तो रुपए लौटाने की बात कहीं। बालूसिंह जान से मारने की धमकी देने लगा और संपर्क छोड़ गायब हो गया था।

---

# प्रेम प्रसंग में यू-टर्न, बच्चों के पास लौटी मां

## समझाइश के बाद टूटा रिश्ता फिर जुड़ा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पति और बच्चों को छोड़ 21 दिन पहले घर छोड़ने वाली महिला प्रेमी को छोड़ वापस बच्चों के पास लौट आई। लापता होने के 10 दिन बाद पुलिस ने उसे दस्तयाब किया था, लेकिन उसने पति और बच्चों के साथ रहने से मना कर दिया था। 11 दिन बाद प्रेम प्रसंग में यू-टर्न आ गया।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि ग्राम मिठीखेड़ी के रहने वाले बहादूर मोहरी की पत्नी अंगूरीबाई 12 मई को लापता हो गई थी। पति ने 3 बच्चों को छोड़ लापता हुई पत्नी की गुमशुदगी 13 मई को दर्ज कराई। पुलिस ने महिला की तलाश शुरू की, 23 मई को उसे खोज लिया गया। लेकिन उसने पति और बच्चों के साथ रहने से इंकार करते हुए प्रेमी के साथ रहने की बात पर अड़ गई। बच्चों की आंखो में आंसू आ गये लेकिन अंगूरीबाई नहीं मानी और पुलिस को बयान देकर वापस प्रेमी के साथ चली गई। पति और बच्चों ने दिल पर पत्थर रख लिया। लेकिन 2 जून की शाम प्रेम प्रसंग में यू-टर्न आ गया। अंगूरीबाई बड़नगर थाने पहुंची और पति बच्चों के



रहने की इच्छा जताई। उसका कहना था कि बच्चों की याद सता रही है। थाना प्रभारी के अनुसार मामला पेचिदा होने पर बुधवार को पति और बच्चों को बुलाया गया। पति साथ रहने को तैयार नहीं था लेकिन टूटा रिश्ता और मां की याद में बच्चों के बहते आंसूओं के खातिर पति-पत्नी को समझाईश दी गई। कुछ घंटो में टूटा रिश्ता फिर से मुस्कराने लगा। बच्चों को ममता की छांव में सूकन मिल गया।

#### मजदूरी के दौरान हुआ था प्रेम-प्रसंग

थाना प्रभारी ने बताया कि अंगूरीबाई के लापता होने पर उसे 10 दिन बाद दस्तयाब किया था। उस दौरान सामने आया था कि अंगूरीबाई का परिवार मजदूरी करता है। मजदूरी के दौरान बालोदालक्खा के व्यक्ति से उसका प्रेम-प्रसंग हो गया था। काफी समय तक दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग चलता रहा और 21 दिन पहले दोनों ने साथ रहना तय कर लिया। अंगूरीबाई बच्चों और पति को छोड़ चली गई थी।

---

#### मंगलवार सुबह निकले थे, रातभर परिजन करते रहे तलाश

# लापता दोस्तों के 15 फीट गहरी डबरी से मिले शव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

घर से सुबह निकले 2 दोस्त लापता हो गये थे, परिजनों ने तलाश शुरू की और पुलिस को सूचना दी। बुधवार सुबह पता चला कि उनकी बाइक डबरी के पास खड़ी है। दोनों के डूबने की आशंका में तलाशी अभियान शुरू किया गया। 2 घंटे बाद दोनों के शव 15 फीट गहराई से निकाले गये।

भाटपचलाना के ग्राम चिरोला में रहने वाला कमल पिता हीरालाल 20 साल अपने दोस्त अजय पिता सुमनदास बैरागी 16 साल के साथ मंगलवार सुबह 9.30 बजे बाइक से निकले थे। देर शाम तक वापस नहीं लौटे, परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। अंदेशा लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रिकालिन क्रिकेट प्रतियोगिता चल रही है, जिसे देखने गये होगें।





लेकिन बुधवार सुबह भी दोनों का कुछ पता नहीं चला। मामले की सूचना पुलिस को दी गई और दोबारा तलाश शुरू की गई। सुबह 11 बजे के लगभग जानकारी सामने आई कि लापता दोस्तों की बाइक ग्राम चिरोला में ही अंतिम पाटीदार की 200 बाय 200 के क्षेत्र में बनी डबरी के पास खड़ी है। परिवार और पुलिस मौके पर पहुंची। डबरी के ऊपरी हिस्से पर चढ़कर देखा गया, एक छोर पर मोबाइल और दोनों की चप्पल पड़ी दिखाई दी। डूबने का आशंका में थाना प्रभारी सत्येन्द्र चौधरी ने स्थानीय गोताखोरों को बुलाया। डबरी की गहराई 15 फीट से अधिक की थी। उनका पता लगाने के लिये एक ग्रामीण अंडर वाटर कैमरा लेकर आया। जिसके माध्यम से सर्चिंग शुरू की गई। कुछ देर बात दोनों के शव गहराई में दिखाई दिये। गोताखोरों ने बाहर निकालने के प्रयास शुरू किये। दोपहर 1 बजे के लगभग दोनों के शव बाहर निकाल लिये गये। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम के लिये बड़नगर अस्पताल पहुंचाया।

**एक को बचाने में दूसरे के डूबने की शंका-** थाना प्रभारी सत्येन्द्र चौधरी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों दोस्त डबरी के पास पहुंचे थे। डबरी में पानी रोकने के लिये काली प्लास्टिक की पॉलिथीन बिछाई गई थी। संभवतः एक पैर फिसलने से डबरी में गिर गया। उसे बचाने के लिये दूसरा अपना मोबाइल और चप्पल उतार डबरी में उतारा, लेकिन दोनों गहराई अधिक होने पर अपनी जान बचाने में नाकाम रहे। दोनों को ठीक से तैरना भी नहीं आता था। अजय के पिता राधाकृष्ण मंदिर में पुजारी है, वहीं कमल के पिता खेती किसानी करते हैं।

---

#### वीडी मार्केट के सीवरेज के पानी से

# गोवर्धन सागर प्रदूषित, मर रही मछलियां

### ऑक्सीजन की कमी और दुर्गंध से क्षेत्रवासी परेशान, तालाब की सफाई की उठी मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नगरकोट बुधवारिया स्थित गोवर्धन सागर तालाब में मछलियों के मरने का सिलसिला लगातार जारी है। तालाब का पानी दूषित होने और उसमें ऑक्सीजन की कमी होने के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में मछलियां मर रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बीडी मार्केट क्षेत्र का सीवरेज का गंदा पानी गोवर्धन सागर में पहुंच रहा है, जिससे जल प्रदूषण बढ़ता जा रहा है और जलीय जीवों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

**तालाब किनारे मिल रही हैं मरी हुई मछलियां-** पिछले कई दिनों से गोवर्धन सागर के किनारों पर मरी हुई मछलियां दिखाई दे रही हैं। बुधवार को भी कई मछलियां मृत अवस्था में तालाब के किनारे पड़ी मिलीं, जिन्हें बाहर निकालने का कार्य किया गया। हालांकि तालाब के पानी को शुद्ध करने और प्रदूषण रोकने के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

**गंदगी और दूषित पानी से बिगड़ रही स्थिति-** स्थानीय नागरिकों का कहना है कि तालाब में लगातार कचरा और गंदा पानी पहुंचने से उसकी स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। दूषित जल के कारण मछलियों को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पा रही है, जिससे उनकी मौत हो रही है। तालाब से उठ रही दुर्गंध ने आसपास के रहवासियों की परेशानी और बढ़ा दी है।



**क्षीरसागर कुंड की तरह सुधार की उम्मीद-** क्षेत्रवासियों का कहना है कि कुछ समय पहले क्षीरसागर कुंड के दूषित पानी की सफाई कर वहां की व्यवस्था में सुधार किया गया था। निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए जाने के बाद कुंड की स्थिति काफी बेहतर हुई थी। इसी तरह गोवर्धन सागर के संरक्षण और सफाई के लिए भी तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

---

# तीन नागरिकों को मिला साइकिल मित्र सम्मान

### एसपी ने उज्जैन को साइकिल सिटी बनाने की परिकल्पना को सराहा




ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विश्व साइकिल दिवस पर बुधवार को सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला में साइकलोदय 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'वैश्विक संकट में साइकिल की उपयोगिता और उसके महत्व' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने साइकिल को पर्यावरण, स्वास्थ्य और समय की बचत का सबसे बेहतर माध्यम बताया। यह आयोजन सोसायटी ऑफ...ग्लोबल साइकिल, विश्वविद्यालय और मप्र जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि ऊर्जा संकट और जलवायु परिवर्तन का सबसे सुलभ समाधान साइकिल ही है। आने वाले 200 से 250 वर्षों में जीवाश्म ईंधन खत्म होने की ओर होगा, ऐसे में भारत जैसे देश के लिए साइकिल सबसे सस्ता और प्रभावी उपाय है। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने कहा कि शहरी भीड़, संकरी गलियों और पार्किंग की समस्या ने कार की सीमाएं बता दी हैं। उन्होंने उज्जैन को साइकिल सिटी बनाने की परिकल्पना की सराहना करते हुए कहा कि लोग सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल का उपयोग अनिवार्य रूप से करें।

मुख्य वक्ता उप संचालक जनसंपर्क अरुण कुमार राठौर ने साइकिल को जीवन, अनुशासन और दर्शन का प्रतीक बताया। इस दौरान सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल की वेबसाइट का अनावरण भी किया गया। मंच पर सतत शिक्षा अध्ययनशाला के निदेशक डॉ. सुशील कुमार शर्मा और वरिष्ठ आर्किटेक्ट श्रीकांत वैशंपायन विशेष रूप से मौजूद रहे।

---

#### केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम पहुंची रेलवे स्टेशन

# क्षिप्रा एक्सप्रेस से पकड़ाये अधेड़ के पास मिली हेरोइन

### मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क में शामिल व्यक्तियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रही

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

क्षिप्रा एक्सप्रेस में सवार एक व्यक्ति के पास मादक पदार्थ हेरोइन होने की खबर पर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के अधिकारियों की टीम उज्जैन रेलवे स्टेशन पहुंची और ट्रेन में सर्चिंग के बाद उक्त व्यक्ति को हिरासत में लिया। जिसके पास से बेग में रखे 2 पैकेट बरामद हो गये।

बताया जा रहा है कि मंगलवार देर रात केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरों



ईकाई मध्यप्रदेश के नीमच-इंदौर और उज्जैन के अधिकारियों की एक टीम उज्जैन रेलवे स्टेशन पहुंची थी। उन्हे सूचना मिली थी कि क्षिप्रा एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल कोच से एक व्यक्ति मादक पदार्थ हेरोइन लेकर हावड़ा पश्चिम बंगाल जा रहा है। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर जनरल कोच में सर्चिंग की गई। संदेह के आधार पर हैंड बैग के साथ उक्त व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और प्लेटफार्म नम्बर 1 आरपीएफ पोस्ट (कार्यालय) पर लाया गया। जहां बैग की तलाशी लेने पर उसमें रखे से 2 पैकेट मिले। जो 1 किलो 67 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन के थे। पूछताछ में उक्त व्यक्ति नाम रमेशचंद्र पिता भुआन 54 साल निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान सामने आया। आरपीएफ पोस्ट पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट अधिनियम 1985 में उसकी गिरफ्तारी ली गई, जिसे पूछताछ के लिये नीमच ले जाया गया है। जानकारी सामने आई है कि उक्त आरोपित राजस्थान प्रतापगढ़ क्षेत्र से इंदौर-उज्जैन मार्ग के माध्यम से पश्चिम बंगाल जा रहा था। केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरों की टीम उससे मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क में शामिल व्यक्तियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। जानकारी यह भी सामने आई है कि सीबीएन मध्य प्रदेश ने इस कैलेंडर वर्ष में अब तक 58 मामले दर्ज किए है और 77 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की है, जो नशा मुक्त भारत की दिशा में प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com